आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 215- ● जबलपुर ● सोमवार,6 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## नीट यूजी परीक्षा कार्यक्रम में नहीं होगा बदलाव, सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने NEET UG 2021 परीक्षा को पुनर्निर्धारित करने या स्थगित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश देने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। सोमवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि अदालत छात्रों के एक वर्ग की असुविधा का हवाला देते हुए परीक्षा कार्यक्रम में हस्तक्षेप नहीं कर सकती याचिकाकर्ता अपनी शिकायतों को सक्षम अधिकारियों के समक्ष उठाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

# कहां का कोराना..

## सोमवती अमावस्या पर उमड़े श्रद्धालु

चित्रकूट



उज्जैन



*चित्रकूट, उज्जैन, जबलपुर होशंगाबाद प्रयायगराज सहित देश के ऐसे सैकड़ों तीर्थ स्थलों की बात करें तो यहां देखकर कोई भी नहीं कह सकता कि देश में कोरोना का संकट कभी रहा भी। आज सोमवती अमावस्या पर देश के सभी प्रमुख नदियों के घाट श्रद्धालुओं की भीड़ से अटे पड़े थे। देख कर लग रहा था कहां है कोरोना? न सोशल डिस्टेंसिंग न मास्क न तो और कोई एहतियात उपाय। देश में श्रद्धा के आगे फिलहाल सब बौना है। आने वाले त्योहारी सीजन में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका व्यक्त की जा रही है। शासन प्रशासन लगातार कोशिश में जुटा है कि लोगों को किसी तरह जागरूक करें पर यह दो दृश्य देख कर ऐसा जरा भी प्रतीत नहीं होता कि कोरोना को लेकर जनता गंभीर है। सिर्फ चित्रकूट की बात करें तो यहां आज करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगाई। इसी तरह जबलपुर नर्मदा, उज्जैन छिप्रा, प्रयागराज गंगा यमुना में भी लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया।*

## हिमाचल में 100 फीसदी लोगों को पहली डोज
## पीएम बोले-चैंपियन बना राज्य



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज में हिमाचल के अव्वल रहने पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। पीएम नरेंद्र मोदी ने हिमाचल के स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि दूसरी डोज में भी इसी जुनून को बनाए रखना है। इसमें भी हिमाचल को नंबर वन रखना है। लाहौल-स्पीति के वैक्सीनेशन लाभार्थी नवांग उपासक से पीएम नरेंद्र ने यह भी जानना चाहा कि अटल टनल के बन जाने के बाद लाहौल-स्पीति के जनजीवन में किस तरह का बदलाव आया। नवांग ने कहा कि होम स्टे बन रहे हैं। क्षेत्र में पर्यटन को पंख लग रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को प्रदेश के कोविड टीकाकरण लाभार्थियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से वर्चुअल माध्यम से बातचीत की। सिविल अस्पताल डोडरा क्वार के डॉक्टर राहुल ने पीएम को बताया कि कोरोना वायरस से बचाव और टीकाकरण के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए टीमों का गठन किया गया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता लोगों को घर-घर जाकर इस बारे में जागरूक कर रहे हैं।

# पंजशीर में तालिबान का कब्जा
# ईरान पाकिस्तान पर भड़का



**काबुल।** तालिबान ने दावा किया है कि उसने अफगानिस्तान की पंजशीर घाटी पर कब्जा कर लिया है। यहां नेशनल रेसिस्टेंस फ्रंट ऑफ अफगानिस्तान से तालिबान का मुकाबला हो रहा था। तालिबान के जबीउल्लाह ने ट्वीट किया कि तालिबान अब युद्ध से पूरी तरह मुक्त हो गया है। प्रवक्ता के मुताबिक, पंजशीर के लोग भी हमारे भाई हैं। इस बीच, पाकिस्तान पर आरोप लगे है कि पंजशीर को हासिल करने में उसने तालिबान की मदद की है। इस मामले में अब ईरान की ओर से बड़ा बयान आया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पंजशीर में जो हुआ वो गलत है। इसमें पाकिस्तान की भूमिका की जांच की जाना चाहिए। बता दें, ईरान पहले भी कह चुका है कि वह अफगानिस्तान में चुनाव कराने के पक्ष में हैं और जनता को सरकार चुनने का मौका दिया जाना चाहिए। आरोप है कि पाकिस्तान की वायुसेना ने पंजशीर घाटी में तालिबान की मदद की है। पाकिस्तान ने ड्रोम हमलों से यहां बम गिराए, जिसकी मदद से तालिबान सफल रहा। अभी यह साफ नहीं है कि मोहम्मद सालेह समेत पंजशीर के बड़े नेता कहां हैं। माना जा रहा है कि इन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

## तालिबान का सरकार गठनः पाकिस्तान, चीन, तुर्की समेत छह देशों को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता, भारत से संपर्क नहीं

अफगानिस्तान के सभी प्रांतों में कब्जे का दावा करने के बाद तालिबान ने जल्द ही सरकार गठन का फैसला किया है। इसके मद्देनजर संगठन ने चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान, कतर और तुर्की को सरकार गठन के कार्यक्रम के लिए न्योता भी भेजा है। तालिबान के इस न्योते से साफ है कि इन देशों की सरकारों ने पहले ही संगठन से संपर्क साधा है। गौरतलब है कि चीन, रूस, तुर्की और पाकिस्तान ने तो अपने दूतावासों में भी पहले की तरह काम जारी रखा है। हालांकि, भारत से तालिबान का अब तक कोई आधिकारिक संपर्क नहीं हुआ।

### सुरक्षित स्थान पर सालेह, मसूद ताजिकिस्तान में

बताया जा रहा है कि तालिबान के दावे के बाद अफगानिस्तान के उप राष्ट्रपति अमरुल्लाह सालेह को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। वहीं पंजशीर का नेता अहमद मसूद तीन दिन से ताजिकिस्तान में है।

### 600 तालिबानियों की मौत का बदला

फहीम दश्ती की मौत से एक दिन पहले ही प्रतिरोधी मोर्चे ने तालिबानियों का बड़ा नुकसान किया था। 600 से ज्यादा तालिबानियों की मौत हुई थी, तो वहीं एक हजार से ज्यादा ने आत्मसमर्पण किया था। फहीम दश्ती भी इस संघर्ष का हिस्सा थे, उन्होंने ही 600 तालिबानियों की मौत की पुष्टि की थी। इसके एक दिन बाद ही तालिबान ने पंजशीर के गवर्नर हाउस पर कब्जा जमा लिया है।

## एक हफ्ते बाद कोरोना के नए केस 40 हजार के नीचे
## बीते 24 घंटे में 219 मरीजों की गई जान



**नई दिल्ली।** कोरोना मामलों को लेकर रविवार का दिन राहत देने वाला रहा। बीते 24 घंटे में कोरोना के 38,948 मामले दर्ज किए गए, 43,903 लोगों ने इस बीमारी को मात दी, जबकि पिछले 24 घंटे में 219 संक्रमितों ने दम तोड़ा। नए केस का आंकड़ा 9 दिन बाद सबसे कम रहा। साथ ही मौत का आंकड़ा भी लंबे समय बाद 300 के नीचे पहुंचा है। हालांकि, केरल में कोरोना के नए मामले कम नहीं हो रहे हैं। राज्य में रोजाना 29 हजार पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं। वहीं, केरल में निपाह वायरस से एक बच्चे की मौत ने और चिंता बढ़ा दी है।

### देश में कोरोना महामारी आंकड़ों में

बीते 24 घंटे में कुल नए केस आए- 38,948
बीते 24 घंटे में कुल ठीक हुए-43,903
बीते 24 घंटे में कुल मौतें-219
बीते 24 घंटे में कोरोना टीका- 58.85
देश में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या- 4,04,874
अब तक कुल संक्रमित हुए लोग- 3,30,27,621
अब तक ठीक हुए- 3,21,81,995
अब तक कुल मौतें- 4,40,752

### देशमुख के खिलाफ ईडी ने जारी किया लुकआउट नोटिस

**मुंबई।** 100 करोड़ की वसूली मामले में आरोपी महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख देश छोड़कर भागने की फिराक में हैं। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उन्हें लुकआउट नोटिस जारी किया गया है, जिसके बाद वे देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। बता दें, मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने अनिल देशमुख पर 100 करोड़ रुपये की वसूली का आरोप लगाया था। उन पर पुलिस गलत इस्तेमाल, जबरन वसूली करवाना ट्रांसफर-पोस्टिंग में दखल का भी आरोप है।

## जावेद अख्तर पर भड़की शिवसेना



**मुंबई।** जावेद अख्तर की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और तालिबान की तुलना किए जाने पर शिवसेना ने जवाब दिया है। अपने मुखपत्र सामना में शिवसेना ने लिखा है कि यह तुलना सही नहीं है। आरएसएस अगर तालिबानी विचारों वाला होता तो तीन तलाक के खिलाफ कानून न बना होता। लाखों मुस्लिम महिलाओं को आजादी नहीं मिलती। आगे शिवसेना की ओर से लिखा गया है कि देश में बहुसंख्यक हिंदुओं की आवाज को दबाया न जाए। हमारे देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रयास करने वाले जो संगठन हैं, उनकी हिंदू राष्ट्र निर्माण की अवधारणा सौम्य है। सामना में लिखा है कि जावेद अख्तर अपने मुखर बयानों के लिए जाने जाते हैं। देश में जब-जब राष्ट्रदोही विकृतियां उफान पर आती हैं, जावेद अख्तर उन लोगों के मुखौटे फाड़ते हैं। कट्टरपंथियों की परवाह किए बगैर उन्होंने वंदे मातरम गाया है। फिर भी संघ की तालिबान से तुलना हमें अस्वीकार्य है। शिवसेना की ओर से लिखा गया है कि तालिबानी शासन समाज और मानव जाति के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पाकिस्तान, चीन जैसे राष्ट्रों ने उसका समर्थन किया है। हिंदुस्तान की मानसिकता वैसी नहीं है। हम सहिष्णु हैं। लोकतंत्र के बुरखे की आड़ में कुछ लोग तानाशाही लाने का प्रयास कर रहे हैं, फिर भी उनकी एक सीमा है। इसलिए यह तुलना उचित नहीं है। तालिबान ने अफगानिस्तान को नर्क बना दिया है। महिलाओं पर जुल्म हो रहे हैं। लाखों लोग देश छोड़कर भाग गए हैं। हमारा हिंदुस्तान ऐसा नहीं है।

### क्विक अपडेट



## ममता के खिलाफ कांग्रेस एक राय नहीं, भाजपा में 6 नामों पर विचार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 30 सितंबर को उपचुनाव तय किए गए हैं। इनमें ममता बनर्जी के अपनी परंपरागत सीट भवानीपुर से लड़ने की बात लगभग तय मानी जा रही है। इस बीच जहां कांग्रेस ममता के खिलाफ उम्मीदवार न उतारने पर विचार कर रही है, वहीं भाजपा नेतृत्व छह-छह कद्दावर नेताओं के नाम पर चर्चा कर रहा है। बताया जा रहा है कि ममता को भवानीपुर में झटका देने के लिए भाजपा एड़ी चोटी का जोर लगा सकती है।



## घर में मिले पति, पत्नी और बेटी के शव, हत्या की आशंका

**ग्वालियर।** मुरार की अल्पना टाकीज के पास भगत सिंह मार्केट के पीछे सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब लोगों को पता चला कि एक घर में पति, पत्नी व बेटी के शव पड़े हुए हैं। मृतकों को शनिवार के बाद किसी ने घर के बाहर नहीं देखा है। शवों को देखकर लगता है कि उनकी गला घोंटकर हत्या की गई है। मौके पर ही पुलिस जांच कर रही है। अल्पना टाकीज के पास भगत सिंह मार्केट के पीछे जगदीश पाल अपनी पत्नी सरोज 10 वर्षीय बेटी कीर्ति के साथ रहते हैं। पिछले दो दिन से परिवार का कोई सदस्य घर के बाहर नहीं दिखा। ऐसे में जगदीश के पड़ोस में रहने वाली मालती सोमवार सुबह जगदीश के घर में देखने के लिए गई कि आखिर परिवार के लोग कहां गए हैं। क्योंकि जगदीश की बेटी उनके बच्चों के साथ पढ़ती है। मालती घर में पहुंची तो आवाक रह गई।

## सरकार हमारे फैसलों का सम्मान नहीं कर रही, धैर्य की परीक्षा मत लीजिए- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तल्ख टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आप हमारे फैसलों का सम्मान नहीं कर रहे हैं, हमारे धैर्य की परीक्षा मत लीजिए। कोर्ट ने ये बातें ट्रिब्यूनल में खाली वैकेंसी न भरे जाने और ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट पास न किए जाने पर की है।




### ट्रिब्यूनल को लेकर कोर्ट की 4 तल्ख टिप्पणियां

1. चीफ जस्टिस एनवी रमना, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एल नागेश्वर राव ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, ÷अब तक कितने लोगों को अपॉइंट किया गया है। आपने कहा था कि कुछ लोगों का अपॉइंटमेंट हुआ था, कहां हैं ये अपॉइंटमेंट?
2. मद्रास बार एसोसिएशन में हमने जिन प्रावधानों को खत्म किया था, ट्रिब्यूनल एक्ट भी ठीक उसी तरह है। हमने जो निर्देश आपको दिए थे, उसके हिसाब से अभी तक अपॉइंटमेंट क्यों नहीं हुए।
3. सरकार अपॉइंटमेंट न करके ट्रिब्यूनल को शक्तिहीन बना रही है। कई ट्रिब्यूनल तो बंद होने के कगार पर हैं। हम इन हालात से बेहद नाखुश हैं।
4. हमारे पास अब केवल तीन विकल्प हैं। पहला- हम कानून पर रोक लगा दें। दूसरा- हम ट्रिब्यूनल बंद कर दें और सारे अधिकार कोर्ट को सौंप दें। तीसरा- हम खुद अपॉइंटमेंट कर लें।

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से मोहलत मांगी

तुषार मेहता ने कहा कि सर्च और सिलेक्शन कमेटी की रिकमेंडेशन पर फाइनेंस मिनिस्ट्री दो हफ्ते में फैसला लेगी। मुझे 2-3 दिन का वक्त दीजिए, तब मैं आपके सामने इस मुद्दे पर जवाब पेश करूंगा। इस पर अदालत ने कहा कि हम सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेंगे और उम्मीद है कि तब तक अपॉइंटमेंट हो जाएंगे। अदालत ने कांग्रेस सांसद जयराम रमेश की ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट के खिलाफ दायर एक पिटीशन पर भी नोटिस जारी किया। कांग्रेस सांसद की ओर से पेश अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि जिन प्रावधानों को दोबारा लागू किया गया है, वो वही हैं, जिन्हें कोर्ट ने पहले खत्म कर दिया था। कोर्ट ने कहा, अगर आपको सुप्रीम कोर्ट के दो जजों पर भरोसा नहीं है तो हमारे पास विकल्प नहीं बचता है। मद्रास बार एसोसिएशन का फैसला अटॉर्नी जनरल को सुनने के बाद ही दिया गया था।

## संत रावतपुरा के दर्शन करने राजमार्ग पहुंचे सीएम शिवराज



**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा।** संत रावतपुरा सरकार के दर्शन करने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का राजमार्ग चौराहा पर आगमन हुआ। उन्होंने विधायक संजय शर्मा के यहां चातुर्मास कर रहे संत रावतपुरा सरकार के दर्शन कर पूजन किया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री विजय शाह, सांसद उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी, विधायक जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष संदीप पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, पूर्व विधायक साधना स्थापक, नरेश पाठक समेत जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद। कार्यक्रम की अगवानी कर रहे विधायक संजय शर्मा भी उपस्थित।

### नाथ पहुंचे बड़वानी जन आक्रोश यात्रा में



**आदिवासी जन आक्रोश रैली व महासभा में शामिल होने के लिए पूर्व सीएम कमल नाथ बड़वानी पहुंच गए हैं, वे यहां जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्रसिंह दरबार ने बताया कि आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार आदि मुद्दों को लेकर रैली में शामिल होने वाले हजारों लोग देशप्रदेश की सरकारों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करेंगे, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ सहित पदाधिकारी जनसभा को संबोधित करेंगे।**




## बुद्धिजीवी बोले-मोदी लहर के सहारे न रहें



**जम्मू।** यहां आरएस पुरा में भाजपा की ओर से आयोजित बुद्धिजीवियों की बैठक में महंगाई, बेरोजगारी को लेकर पार्टी के खिलाफ आक्रोश ने आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने के भगवा ब्रिगेड के सपने के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू न चलने की बात सामने आने के बाद पार्टी नेतृत्व और आरएसएस की चिंताएं बढ़ी हैं। कहा जा रहा है कि यह रिपोर्ट भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष भी पहुंची है। शीर्ष नेतृत्व प्रदेश में कद्दावर नेता की तलाश कर रहा है जो चुनावी वैतरणी को पार लगा सके। इसके लिए पार्टी के बाहर के लोगों में भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। बता दें कि, केंद्र की भाजपा सरकार सही दिशा में जा रही है या इसमें सुधार करने की जरूरत है...इसको लेकर जम्मू-कश्मीर में भाजपा की आरएस पुरा इकाई की तरफ से क्षेत्र के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक कर उनकी राय जानी गई थी। बैठक में क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में होने वाले चुनाव में भाजपा इस बार मोदी लहर के सहारे न रहे। क्योंकि सरकार की नीतियों से जनता नराज है। प्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार ने कोई भी नीति नहीं बनाई है। कई कार्य अधर में लटके हैं। सतवारी से आरएस पुरा तक आने वाले मार्ग का निर्माण धीमी गति से चल रहा है। मुख्य बस स्टैंड के लिए भी कोई भी कदम नहीं उठाया गया है। सांसद द्वारा फंड की घोषणा की जा चुकी है। कहा गया कि आम जनता भाजपा के फैसलों से काफी दुखी है। पेट्रोल, डीजल, गैस सिलिंडर और खाद्य सामग्रियों की कीमतें बेतहाशा बढ़ रही हैं। इसने आम लोगों का बजट बिगाड़कर रख दिया है। बैठक में बॉर्डर इलाके के विकास के लिए मोदी सरकार की ओर से किए गए कार्यों, बंकर निर्माण, आरक्षण की दलीलें भी काम न आईं। भाजपा नेताओं ने केंद्र सरकार तक फीडबैक पहुंचाने की दुहाई देकर किसी प्रकार मामले को शांत करने की कोशिश की।

## EPFO बोर्ड की बैठक कर्मचारी पेंशन पर हो सकता है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** सरकार जल्द ही एम्प्लॉई पेंशन स्कीम के तहत मिलने वाली न्यूनतम पेंशन राशि पर फैसला ले सकती है। इस संदर्भ में आज कर्मचारी भविष्य निधि संगठन बोर्ड की बैठक होनी है। दरअसल लंबे समय से न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग हो रही है। मौजूदा समय में ईपीएफओ ने न्यूनतम पेंशन की 1000 रुपये तय की हुई है। इससे पहले मार्च में संसद की स्टैंडिंग कमिटी ने मिनिमम पेंशन की राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये तक करने की सिफारिश की थी। वहीं पेंशनर्स ने मांग की है कि पेंशन की राशि बहुत कम है, इसे बढ़ाकर कम से कम 9000 रुपये किया जाना चाहिए। तभी सही मायने में कर्मचारी पेंशन योजना पेंशनधारकों को फायदा होगा।



मुख्यमंत्री ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से लिया



# स्कूलों में छठवीं कक्षा से दी जायेगी व्यावसायिक शिक्षा

## मुख्यमंत्री का जबलपुर के दयोदय तीर्थ परिसर में संबोधन

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ज्ञान देने वाली, कौशल का विकास करने वाली और चरित्र निर्माण कर बेहतर नागरिक बनाने वाली शिक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के स्कूलों में छठवीं कक्षा से व्यावसायिक शिक्षा दी जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यह बात आज यहां पुण्य सलिला मां नर्मदा के तिलवाराघाट स्थित दयोदय तीर्थ स्थल परिसर में कही। इसके पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यहां सपत्नीक आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज शिक्षक दिवस है और आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से बड़ा शिक्षक कौन हो सकता है, हम सबको उनके जीवन दर्शन और जनकल्याण कार्यों का अनुसरण करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां संचालित प्रतिभास्थली विद्यालय के माध्यम से छात्रों को परिपूर्ण शिक्षा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज भारतीय संस्कृति जीवन मूल्य व परंपराओं को पुष्ट करते हुए हमें जीवन जीने के लिए दिशा दे रहे हैं।

### नई शिक्षा नीति में कौशल विकास शामिल

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति में कौशल विकास को प्रमुखता से शामिल किया गया है।

### हाथकरघा के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आचार्य श्री ने हाथकरघा के माध्यम से आर्थिक स्वावलंबन का नया मार्ग दिखाया है। हाथकरघा से वस्त्र निर्माण कर अनेकों जनजातीय व आदिवासी बहनें रोजगार प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में महात्मा गांधी के बाद आचार्य श्री ने ही हाथकरघा को स्वावलंबन का प्रतीक बनाया है।

### मुख्यमंत्री ने आचार्य श्री से लिया आशीर्वाद

इसके पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सपत्नीक तिलवाराघाट स्थित दयोदय तीर्थ में पावन वर्षायोग चातुर्मास कर रहे प्रख्यात दिगम्बर जैनाचार्य श्री विद्यासागर महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



### मुख्यमंत्री ने की गौ-पूजा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यहां गौ-शाला में पहुंचकर गौ-माता की आरती-पूजा की और गाय को गुड़ और रोटी खिलाया।

### पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण

मुख्यमंत्री ने यहां संचालित पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ का अवलोकन किया। यहां आयुर्वेद का सौ बिस्तरों का अस्पताल चल रहा है और इसे ब?ाकर जल्दी ही 800 बिस्तरों की क्षमता की जावेगी। साथ ही गरीब और असहाय व्यक्तियों की यहां निःशुल्क उपचार की व्यवस्था रहेगी। राज्य शासन ने इसी शैक्षणिक सत्र से यहां सौ बालिकाओं के अध्ययन हेतु बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए महाविद्यालय शुरू करने की अनुमति प्रदान की है। इस महाविद्यालय का संचालन गुरूकुल पद्धति से होगा।

### प्रदेश की खुशहाली का लिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दयोदय तीर्थ परिसर स्थित भगवान आदिनाथ के मंदिर में धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ श्रीफल अर्पित कर आरती-पूजन कर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का आशीर्वाद लिया।

### चल-चरखा केन्द्र का निरीक्षण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यहां दयोदय तीर्थ परिसर में संचालित हाथकरघा वस्त्र निर्माण इकाई चल-चरखा केन्द्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री को ब्रह्मचारिणी दीदीयों ने यहां हाथकरघा से वस्त्र निर्माण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। श्री चौहान ने यहां के निर्मित वस्त्रों के गुणवत्ता की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां बना खादी का वस्त्र भी रेशम को मात करता है।

### मुख्यमंत्री ने प्रकल्पों को सराहा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आचार्य श्री की प्रेरणा से यहां संचालित गौ-शाला, छात्र शिक्षा के लिए प्रतिभास्थली और हाथकरघा वस्त्र निर्माण सहित पीडित मानवता की सेवा और गरीब व असहायों के इलाज हेतु संचालित पूर्णायु चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ जैसे सभी प्रकल्पों की सराहना की। इस दौरान प्रतिष्ठाचार्य विनय ब्रह्मचारी, ब्रह्मचारिणी दीदी, पूर्व स्वास्थ्य राज्यमंत्री शरद जैन, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, संदेश जैन सहित परिसर में श्रृद्धालुगण मौजूद थे।

## वितरण करो संग्रह ना करो

### आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने सीएम से कहा

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ पूर्णायु परिसर, दयोदय गौशाला तिलवारा घाट पहुचे, 45 मिनट आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से एकांत में चर्चा की। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए कहा कि राज्य की समृद्धि एवं निर्माण के लिए कौशल विकास के क्षेत्र में शिक्षा दी जानी चाहिए, यह शिक्षा मातृभाषा में हो ताकि सभी शिक्षित हो सके, आचार्य श्री ने कहा कि राज्य की समृद्धि के लिए संग्रह नहीं वितरण करें, जिससे हर तबके और हर व्यक्ति तक वस्तुएं पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पूर्णायु पदाधिकारियों से 800 बिस्तरों वाले पूर्णायु आयुर्वेद एवं अनुसंधान विद्यापीठ के निर्माण की जानकारी ली एवं आश्वासन दिया कि प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद की जाएगी।

# रेलवे के 156 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली

## शुरुआत में पमरे के 09 स्वास्थ्य केंद्रों में किया जायेगा लागू

**जबलपुर यश भारत।** वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी के युग में, निर्बाध सेवा प्रदान करने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सेवा समय की आवश्यकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, 129 रेलवे अस्पतालों और 586 स्वास्थ्य इकाइयों में तेजी से, निर्बाध और बिना किसी परेशानी के स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए संपूर्ण रेलवे स्वास्थ्य प्रणाली को एक ही संरचना पर लाने के लिए रेल मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र की एक मिनीरत्न कम्पनी-रेलटेल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत सी-डैक की एक इकाई (ई-सुश्रुत) को अखिल भारतीय अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) को लागू करने का काम सौंपा गया है।

### यह है आंकड़े

रेलवे के कुल 11,76,300 कर्मचारियों में से 11,24,058 पंजीकृत कर्मचारी लाभार्थी हैं। कुल 10,33,143 एचएमआईएस कर्मचारी कार्ड बनाए गए हैं। कार्ड जनरेट करवाने वाले वे लोग हैं जिन्होंने अपना यूएमआईडी कार्ड बनवाया है। रेलवे के कुल 16,52,082 पेंशनभोगियों में से 4,83,592 पंजीकृत पेंशनभोगी लाभार्थी हैं। कुल एचएमआईएस पेंशनभोगी लाभार्थी कार्ड 3,75,440 बनाए गए हैं। कर्मचारियों के औसतन 3-4 आश्रित हैं और पेंशनभोगियों के पास 2-3 आश्रित हैं।

### 156 स्वास्थ्य केंद्र पहले से शुरू

एचएमआईएस को भारतीय रेलवे में 156 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहले ही शुरू किया जा चुका है। शेष स्वास्थ्य केंद्रों पर एचएमआईएस को 2021 में शीघ्र ही लागू किया जाएगा।

### यहां से होगी शुरुआत

इसी श्रंखला में शुरुआत में पश्चिम मध्य रेल के 09 स्वास्थ्य केंद्रों जबलपुर, कटनी, सागर, भोपाल, हबीबगंज, बीना, कोटा, सवाई माधोपुर एवं भरतपुर में लागू किया जाएगा। एचएमआईएस समाधान लगभग 20 मॉड्यूल के साथ नैदानिक देखभाल के साथ-साथ सम्पूर्ण अस्पताल प्रशासन को कवर करने जा रहा है जो रेलवे अस्पतालों के लिए प्रासंगिक हैं। मॉड्यूल ओपीडी, आईपीडी, लैब्स, ओटी, ब्लड बैंक, फार्मेसी, रेफरल, चिकित्सा जांच और चिकित्सा दावों की प्रतिपूर्ति आदि जैसे अस्पताल प्रबंधन की मुख्य और सहायक आवश्यकताओं, दोनों को कवर करता है।

### पूरी तरह एकीकृतहै

यह प्रणाली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के साथ पूरी तरह से एकीकृत है। एचएमआईएस को भारतीय रेलवे की अन्य विभिन्न डिजिटल पहलों जैसे कि विशिष्ट चिकित्सा पहचान संख्या (यूएमआईडी), आईपीएएसएस और एआरपीएएन आदि के साथ सिंक्रनाइज़ किया गया है और आवश्यकता के अनुसार इस तरह के एकीकरण को आगे बढ़ाने में सक्षम है।

रोगी सेवा में होगा सुधार स्वास्थ्य डेटा का डिजिटलीकरण स्वास्थ्य सेवाओं को परेशानी मुक्त और पारदर्शी बनाने जा रहा है। यह सेवा रेलवे स्वास्थ्य सेवा लाभार्थियों की विशिष्ट चिकित्सा पहचान संख्या (यूएमआईडी) के माध्यम से सुलभ है। रोगी एचएमआईएस ऐप के माध्यम से क्यूआर कोड को स्कैन करके ओपीडी अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। इससे लगभग 10 मिलियन रेलवे स्वास्थ्य लाभार्थियों को रोगी देखभाल और रोगी सेवाओं में सुधार होगा।

### मोबाइल एप भी विकसित किया

चिकित्सा लाभार्थियों को सशक्त बनाने के लिए एक मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है, जो मरीजों को अपने इलेक्ट्रॉनिक चिकित्सा रिकॉर्ड (ईएमआर) को कहीं से भी देखने की सुविधा प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। इस ऐप के माध्यम से टेली-परामर्श, प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट देखना, रोगी को दी जाने वाली दवाएं आदि जैसी सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। इस ऐप में स्वयं पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध है।

# सौम्या तिवारी को मिला गोल्ड मैडल

### स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**जबलपुर।** कुछ बातें ऐंसी होती हैं, जिनमें मध्यस्ता कभी भी सहन नहीं की जा सकती है, जिनमें कविता, संगीत, चित्रकला अथवा सार्वजनिक भाषण, इन्हीं सब बातों को बच्चों में समावेश कराने की डोर थामे हुए है बल्देवबाग स्थित स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल जहां सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें स्कूल की चौथी क्लास की छात्रा विजय नगर जगदम्बा कॉलोनी निवासी सौम्या तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान अर्जित किया। स्कूल प्रबंधन की ओर से सौम्या तिवारी को स्वर्ण पदक (गोल्ड मैडल) दिया गया। आप ओएफके कर्मचारी अजय तिवारी एवं मजूषा तिवारी की सुपुत्री हैं। सौम्या कहती हैं कि वे आईपीएस अधिकारी बनना चाहती हैं, और बच्चों को हमेशा पढने के लिए प्रेरित भी करती रहती हैं। आपके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्कूल के डायरेक्टर पर्व जायसवाल, प्रधानाचार्य मनमीत कोहली, सहित समस्त स्टाफ ने बधाई दी है।

**निर्धन और निराश्रितों को मिलेगा मीठे और रसीले फलों**

### निगमायुक्त संदीप जी आर की अनूठी पहल

# संस्कारधानी में जल्द आकार लेंगे फ्रूट फॉरेस्ट जोन



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर में नागरिकों को महानगरीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे निगमायुक्त संदीप जी आर के द्वारा अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। शहर में निराश्रित एवं भिक्षुकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए निगमायुक्त संदीप जी आर ने अनूठी पहल करते हुए फ्रूट फॉरेस्ट जोन की अवधारणा पर काम तेज कर दिया है। निगमायुक्त संदीप जी आर के इस नवाचार से संस्कारधानी को नई पहचान मिल सकेगी। निगमायुक्त संदीप जी आर के प्रयासों से शहर के दो प्रमुख स्थलों पर फरूट फॉरेस्ट जोन आकार लेने वाले हैं। प्रारंभिक चरण में इन क्षेत्रों में फलदार पौधों का सघन रोपण कराया जा रहा है। जैसे ही यह पौधे बड़े होकर फल देने लगेंगे तब शहर के भिक्षुक एवं निराश्रित जन इनका स्वाद ले सकेंगे। भिक्षुकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए निजमायुक्त श्री संदीप जी आर ने यह अनूठी पहल की है। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि निर्धन और निराश्रितों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें भूख लगने पर मीठे और रसीले फलों का स्वाद मिल सके इसके लिए आईएसबीटी परिसर और पचपेढ़ी में फ्रूट फॉरेस्ट जोन तेजी के साथ तैयार करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फलदार पौधों का सघन वृक्षारोपण का कार्य निरंतर किया जा रहा है जिससे कि यह पौधे जल्द बड़े होकर स्वादिष्ट और मीठे फल देने लगे। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि निराश्रितों एवं भिक्षुकों को ही फरूट फॉरेस्ट जोन के रखरखाव का दायित्व सौंपा जाएगा और वृक्षों पर उगने वाले सभी फल उनके लिए ही उपलब्ध होंगे। भूख लगने पर वे भिक्षा मांगने के बजाय फरूट फॉरेस्ट के फलों का ही स्वाद ले सकेंगे। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि फ्रूट फॉरेस्ट की अवधारणा पर काम करने वाला जबलपुर नगर निगम देश का पहला शहर बन गया है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त श्री संदीप जी आर के मार्गदर्शन में जबलपुर में विकास के अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ जन सुविधाओं एवं जन कल्याण की योजनाओं को पात्र एवं जरूरतमंदों को लाभ दिलाने के लिए भी निगमायुक्त संदीप जी आर द्वारा संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि अब तक विदेशों में ही फ्रूट फॉरेस्ट की अवधारणा पर काम किया जाता रहा है परंतु अब जबलपुर नगर निगम ने इस नई थीम पर कार्य प्रारंभ कर दिया है और जल्द ही फ्रूंट फॉरेस्ट जोन आकार लेंगे।

निगमायुक्तसंदीप जी आर ने बताया कि संस्कारधानी में हाल के दिनों में भिक्षा मांगने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भिक्षा देने लोगों द्वारा दिखाई जाने वाली उदारता का लाभ उठाते हुए भिक्षुक निरंतर भिक्षा मांग रहे हैं एवं इस प्रवृत्ति को नहीं छोड़ पा रहे हैं अतः इसी भावना को दृष्टिगत रखते हुए फरूट फॉरेस्ट जोन की अवधारणा पर काम किया जा रहा है जिससे कि भिक्षा मांगने वालों को शहर के बीचो-बीच ही भूख लगने पर स्वादिष्ट एवं रसीले फल मिल सके। निगमायुक्त संदीप जी आर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जल्द ही इस फरूट फॉरेस्ट जोन को तैयार करने के कार्यों में तेजी लाएं जिससे निराश्रितों एवं भिक्षुकों को इसका लाभ जल्द मिलना शुरू हो जाए।

# NurturingNeighborhood चैलेंज में जबलपुर टॉप 25 सिटीज में

जबलपुर। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान NurturingNeighborhood चैलेंज में जबलपुर का चयन टॉप 25 सिटीज में हुआ है। इस चैलेंज का मुख्य उद्देश्य ऐसे स्थानों को चिन्हित कर विकसित करना है, जिससे कि वहाँ छोटे बच्चे अपने अभिवावकों के साथ जाकर घूम फिर या खेल कूद सके। इसी के अंतर्गत शिवनगर मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा एवं आयुक्त नगर निगम संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने वहाँ जाकर बच्चो के वृक्षारोपण, पेंटिंग, झूले, क्रॉफ्ट, पक्षियों के लिए घोंसले इत्यादि बनाये। इस कार्यक्रम में बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम में शामिल समस्त वर्गों के लोगो को अपने रंग में ढाल लिया । जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा निरंतर इस तरह के प्रयास किये जा रहे है ताकि हर वर्ग के लोग ऐसे स्थानों में जाकर घूम फिर या अपना मनोरंजन कर सके। स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक एवं निगमायुक्त संदीप जी.आर. एवं स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत ने बताया कि भारत सरकार की इस योजना के अंतर्गत आने वाले दिनों में शहर में अनेक स्थानों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा एवं उन्हें विकसित कर बच्चों एवं अभिभावकों के लिए मनोरंजन का वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि #SmartCityJabalpur द्वारा इस तरह के आयोजनों के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है बच्चो के लिए भी ऐसे स्थानों को बनाया जाए जहाँ वे बिना किसी डर के सुरक्षित रहकर खेलकूद या अन्य गतिविधियां कर सके ।इस कार्यक्रम में सहायक आयुक्त संभव अयाची, सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुश्री शैलजा सुल्लेरे, के साथ स्मार्ट सिटी के पुरी टीम, रॉबिन हुड आर्मी जबलपुर शिवम सोनी, सनी शिवानी, अनिल पटेल, संतोष जायसवाल, कशिश नागले, देविका तिवारी, श्रेया खरे, दीक्षा गौर, अनुराग झा भी शामिल हुए।



निगमायुक्त संदीप जी.आर. एवं स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ श्रीमती निधि सिंह राजपूत के प्रयासों से मिली सफलता

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान

**जबलपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सेवा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा लक्ष्मी बाई साहूजी महाविद्यालय महाविद्यालय सभागार में किया गया । कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि के रुप में पधारे माननीय श्री अजय विश्नोई जी पूर्व मंत्री एवं विधायक मध्यप्रदेश शासन , विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ दीपक साहू अध्यक्ष एवं डॉ अविजित विश्नोई सह सचिव आईएमए जबलपुर चैप्टर तथा इंजी अशोक साहू वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे । शिक्षक ही वह व्यक्ति है जो विद्यार्थी में असीम संभावनाओं को तरसता है तथा उन संभावनाओं को उपयोग करने योग्य बनाता है इसलिए समाज में शिक्षक का स्थान सर्वोपरि है । उपरोक्त विचार लक्ष्मी बाई साहूजी कॉलेज में शिक्षक दिवस में माननीय अतिथियों द्वारा व्यक्त किए गए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर राजेश साहु चेयरमैन लक्ष्मी बाई साहूजी कॉलेज एवं डॉ एके भंडारी महाविद्यालय परिवार के ग्रुप डायरेक्टर द्वारा की गई । कार्यक्रम का सफल संयोजन तथा संचालन डॉ राजीव तिवारी के द्वारा किया गया ।




शिक्षक दिवस एवं उत्कृष्ट सेवा सम्मान में कार्यक्रम में विशेष रुप से शासकीय विद्यालयों से संजय अग्रवाल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नुंनसर श्रीमती शोभा अवस्थी सहायक अध्यापक माध्यमिक शाला बेनी खेड़ा, श्रीमती अवंतिका सिंह , अनुराग दुबे सहायक शिक्षक लुहारी , विनोद पूरी सहायक शिक्षक सोंतालाई , नरेंद्र तिवारी सहायक शिक्षक कअन्तोरा , राजेंद्र झरिया सहायक शिक्षक रानीताल , हित गोपला दुबे नीची श्रीमती सरला ठाकुर सहायक शिक्षक श्रीमति संध्या दुबे सहायक शिक्षक नुनसर श्रीमती कल्पना तिवारी सहायक शिक्षक नुंसर श्री दीरेन्द्र गर्ग सहायक शिक्षक सिमरिया आदि आदि शिक्षकों का सम्मान मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र आई एम ए जबलपुर क्षेत्र के द्वारा प्रदान किया गया । लक्ष्मी बाई साहूजी महाविद्यालय के डॉ जे के यादव, प्रो दीपक अग्रवाल, डॉ विनीता पाण्डेय , विशाल साहू एवं श्री अंकुर साहू , डॉ अर्चना जाटव ,शिवानी पटेल , शिल्पा साहू ,डॉ सरस कुमार जैन , प्रो रश्मि हल्दकार ,कीर्ति तिवारी श्रीमती ज्योति शुक्ल ,सुनीता सोनी ,रचना कछवाहा विनय शर्मा श्री देव कुमार दुबे विक्रांत लारिया , सुरेंद्र राय सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

## भ्रष्ट बाबू को हटाने को लेकर दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर** । आज म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ विभागीय शाखा बरगी हिल्स एवं समयपाल महासंघ के नेतृत्व में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई सागर परियोजना संभाग क्र.2 बरगी हिल्स को दो सूत्रीय माँगों का ज्ञापन सौंपते हुए भ्रष्ट बाबू सहायक ग्रेड-111 मोहनलाल गुप्ता को हटाने की मांग की है । ज्ञापन सौंपते वक्त विभागीय अध्यक्ष आर. वैद्यनाथन अय्यर, मुकेश मरकाम जिला अध्यक्ष, समयपाल महासंघ बालगोविन्द माली महासचिव, संजय अरसिया सचिव श्याम रजक, श्रीमती उत्तरा बर्मन, श्रीमती उमा ठाकुर के साथ समस्त लघु वेतन कर्मचारी एवं समयपाल महासंघ के कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# एनडीएनजीएस पदाधिकारियों का स्वागत



राष्ट्रीय एवं स्थानीय समस्याओं पर हुआ चिंतन

जबलपुर यशभारत ।गतदिवस राष्ट्रीय सुरक्षा अराजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन( एन डी एन जी एस ए )की ओ एफ के शाखा की वार्षिक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डी के चौधरी के मुख्य आतिथ्य मे संपन्न हुई ।जिसमें नये सत्र के लिए पदाधिकारी चुने गए। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नये सत्र के लिए अध्यक्ष राजेश खन्ना सचिव आनंद गोस्वामी उपाध्यक्ष नीलकमल और उमेश पटेरिया सहसचिव रामनारायण तिवारी एवं कोषाध्यक्ष आशीष संगठन सचिव प्रशांत पात्रा और कमल सिंह का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया ।इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डी के चौधरी ने राष्ट्रीय एवं स्थानीय स्तर पर अराजपत्रित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में हमें जागरूक हो कर सरकार और फैक्ट्री प्रबंधन की हर गतिविधियों पर नजर रखते हुए अपने हितों के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा वरना अब तक संघर्ष के बाद जो हक और सुविधा पायी है वह कभी भी आपसे छिन सकती है ।इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक शर्मा ने आश्वस्त करते हुए प्रेरित किया कि हम संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे।

# 18 को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का प्रस्तावित जबलपुर प्रवास

## सीएम ने रूपरेखा पर चर्चा कर दिये आवश्यक निर्देश



**जबलपुर,** । केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 18 सितम्बर को जबलपुर संभावित दौरा के संबंध में आज मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सर्किट हाउस में प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में चर्चा कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केन्द्रीय मंत्री श्री शाह के जबलपुर प्रवास के दौरान आदिवासी जननायक शंकरशाह व रघुनाथ शाह की मूर्ति पर मार्ल्यापण, आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव में जनजाति नायकों का गौरव समारोह, उज्जवला योजना का शुभारंभ व समर्थ, समृद्व एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण पर बुद्विजीवियों के साथ परिचर्चा पर चर्चा कर व्यवस्थित रूप से कार्यक्रम को संपादित करने के निर्देश दिये। जननायक शंकरशाह व रघुनाथ शाह की मूर्ति पर माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान उन पर केन्दित लघु फिल्म व आजादी पर केन्द्रित प्रदर्शनी तथा उनके कविताओं की प्रस्तुति की रूपरेखा बनाते हुये कहा गया कि इस कार्यक्रम में जनजाति समुदाय के चिन्हित मुखियाओं को आमंत्रित किया जाये। इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि कोरोना गाईड लाइन का पालन भी हो। कन्या पूजन में तीन कन्यायें हो और कार्यक्रम समुचित रूप से व्यवस्थित रहें। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनजाति नायकों का गौरव समारोह का कार्यक्रम 18 सितम्बर से 18 नवम्बर तक चले। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उज्जवला-2 योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम नारी शक्ति पर केन्द्रित हो। साथ ही समृद्ध एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण पर परिचर्चा भी मध्यप्रदेश के विकास को प्रदर्शित करेगी।

### उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वर्तमान वर्षा की स्थिति के कारण बरगी सहित अन्य बड़े बाधों में बिजली उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा करते हुये कहा कि आवश्यकता पड़ने पर कोयला और बिजली की खरीदी साईंटिफिक तरीके से होगी। धान के लिये अभी पानी के जरूरत है अतः जो बेहतर से बेहतर संभव है वह करें और पानी दे। नहरों की साफ सफाई व टूट फूट के समाधान जनप्रतिनिधि जनता व प्रशासन मिलकर करें। इस समय व्यवस्था बनायें रखना और संसाधनों का बेहतर उपयोग करना हम सब का दायित्व हैं। इस बात का ध्यान रखे। बैठक के दौरान डेंगू की प्रभावी रोकथाम के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान सांसद सिंह राकेश सिंह ने कहा कि सारे क्राइसिस से निपटने के लिये समय समय पर मुख्यमंत्री जी ने बैठक कर राहत दिलाई है और शीघ्र ही इससे भी राहत मिलेगी । बैठक के दौरान विधायक श्री अजय विश्नोई, श्री सुशील इंदू तिवारी, श्री अशोक रोहाणी, श्रीमती मनोरमा पटैल, श्री जीएस ठाकुर, कमिश्नर श्री बी. चन्द्रशेखर, कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ बहुगुणा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रिजु बाफना, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप जीआर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## संपादकीय

# बच्चों का काल कोरोना

जितने बच्चे कोरोना महामारी के परोक्ष असर से मरे, उनमें एक तिहाई भारत के हैं। भारत में कुपोषण पहले से बड़ी समस्या है। पांचवें पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के मुताबिक आजादी के बाद 2015-19 की अवधि में ऐसा पहली बार हुआ, जब बाल कुपोषण के कारण होने वाले प्रभाव बढ़े।कोरोना वायरस महामारी बच्चों के लिए काल बन कर आई। शुरुआत में यह कहा गया था कि इस संक्रमण से बच्चे प्रभावित नहीं होंगे। मगर महामारी के कारण पैदा हुई दूसरी स्थितियों ने लाखों बच्चों को मौत के मुंह में पहुंचा दिया। इस महामारी के असर से अभी मुक्ति मिलती नहीं दिखती। कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए जो आर्थिक पाबंदियां लगाई गईं, उनके अभी आगे भी जारी रहने के हालात हैँ। जबकि उनके कारण कम विकसित और गरीब देशों में दो लाख 67 हजार ज्यादा शिशुओं की जान गई है। वर्ल्ड बैंक ने ऐसा अनुमान जाहिर किया है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में छपे वर्ल्ड बैंक के शोध के मुताबिक गरीब और मध्यम आय वाले देशों में कोरोना वायरस के कारण लगीं पाबंदियों का घातक असर हुआ है। इन पाबंदियों ने आर्थिक असमानता और गरीबी तो बढ़ाई ही है, पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा औसत जानें भी लीं। इसमें गौर करने की बात यह है कि विश्व बैंक के अनुमान के मुताबिक जितने बच्चे कोरोना महामारी के परोक्ष असर से मरे, उनमें एक तिहाई भारत के हैं।भारत में कुपोषण पहले से बड़ी समस्या है। पिछले साल जारी हुए पांचवें पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के मुताबिक आजादी के बाद 2015-19 की अवधि में ऐसा पहली बार हुआ, जब बाल कुपोषण के कारण होने वाले प्रभाव बढ़े। कुपोषण का संबंध गरीबी से होता है। जो गरीब हो रहे परिवारों के सामने जब लॉकडाउन जैसी चुनौती आई, तो जाहिर है कि उनके कुपोषणग्रस्त बच्चे उसे झेल नहीं पाए। विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि 128 देशों में शिशु मृत्यु दर में लगभग सात फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। बदलती अवधि और गंभीरता वाली पाबंदियों ने अमीर और गरीब, ज्यादातर देशों की जीडीपी को प्रभावित किया है। ज्यादातर देशों में कोरोना वायरस को प्राथमिकता देने के कारण अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को या तो कम कर दिया गया या पूरी तरह बंद कर दिया गया। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि गरीब और मध्यम आय वाले देशों में जीडीपी में एक प्रतिशत की गिरावट से हर हजार बच्चों पर मृत्यु दर में 0.23 फीसदी की वृद्धि होती है। इन देशों में लॉकडाउन के कारण हो रही आर्थिक तंगी से निपटने के लिए जरूरी धन नहीं था। नतीजा भयानक रहा है। चिंताजनक यह है कि इन हालात से अभी मुक्ति की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है।

# दृष्टि के मुकाबले मूल्यवान होता है दृष्टिकोण

आज हम सभी समाज में व्याप्त नकारात्मक सोच को लेकर व्यथित और चिंतित रहते हैं। सच तो यह है कि जीवन में दृष्टि से बहुत अधिक मूल्यवान तो व्यक्ति का दृष्टिकोण होता है। पे? को सभी पे? ही कहते हैं, लेकिन सहृदय कवि उस पे? में जीवन देख लेता है, जबकि कोई व्यापारी उसकी लक?ी का मूल्य लगाकर हानि-लाभ का हिसाब लगा लेता है।

कौन नहीं जानता कि रामबोला नाम के एक युवक ने अपनी युवा पत्नी के प्रेम में पागल होकर नदी पार करके आधी रात को उसके पीहर में जाकर उसे जब जगाया, तो लोकलाज में डूबी पत्नी रत्नावली ने उसे एक दोहा कह दिया था :-

अस्थि-चर्ममय देह यह, ता सौं ऐसी प्रीति।
नैकु जो होती राम सौं,क्यों होती भव भीति।

और, पत्नी के प्रेम में डूबे उस रामबोला को इन्हीं बोलों ने तुलसीदास बना दिया, जो रामचरित मानस रचकर अमर हो गए।

सच तो यही है कि हमारा दृष्टिकोण ही हमारे चिंतन का दर्पण होता है। एक व्यक्ति सारी बाधाओं के बाद भी शान्त और प्रसन्न रहता है, जबकि उसी के पास रहने वाला दूसरा व्यक्ति सब कुछ होते हुए भी सदा रोता और बिलखता ही रहता है। नीति के कवि रहीम ने तो ठोक बजाकर कहा है :-

'जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहिं, लिपटे रहत भुजंग।'

फिर, ऐसा क्यों होता है कि समाज में सब कुछ होते हुए भी आदमी दुर्गुणों की ओर आकृष्ट हो जाता है? इस प्रश्न का उत्तर है कि हम दृष्टिकोण बदल लेते हैं।

एक राजा ने दरबार में एक उत्सव रखा और अपने पूज्य गुरुदेव एवं मित्र देश के राजाओं को भी उत्सव में सादर आमन्त्रित किया। राज्य की सुप्रसिद्ध नर्तकी को भी मनोरंजन के लिए बुलाया गया। राजा ने कुछ स्वर्ण मुद्रायें अपने गुरु जी को यह कहकर दे दीं कि यदि वे चाहें तो राजनर्तकी के अच्छे गीत और नृत्य पर प्रसन्न होकर उसे पुरस्कृत कर सकें। सारी रात नृत्य चलता रहा। ब्रह्म मुहूर्त की वेला आ गई। तभी राजनर्तकी ने देखा कि उसका तबला बजाने वाला ऊंघ रहा है। उत्सव में व्यवधान न हो, इसलिए उसको जगाने के लिए नर्तकी ने एक दोहा पढ़ा :-

'बहुत बीती, थोड़ी रही, पल पल गयी बिताय।
एक पलक के कारने, क्यों कलंक लग जाय?'

राजनर्तकी के इस दोहे का दरबार में उपस्थित अलग-अलग व्यक्तियों ने अपने-अपने दृष्टिकोण के अनुरूप अलग-अलग अर्थ निकाला। राजनर्तकी की बात सुनकर तबले वाला भी सतर्क होकर अपना तबला बजाने लगा। जब नर्तकी की यह बात राजा के गुरु जी ने सुनी, तो उन्होंने राजा के द्वारा दी हुई सारी स्वर्ण मुद्राएं प्रसन्न होकर उस नर्तकी के सामने फेंक दीं। तब तो अत्यंत उत्साहित नर्तकी ने वही दोहा फिर से पढ़ा, तो राजा की पुत्री ने तुरंत अपना नवलखा हार गले से निकालकर उसे भेंट कर दिया। राजनर्तकी ने उत्साह में भरकर फिर वही दोहा दोहराया, तो राजा के पुत्र युवराज ने भी अपना राज-मुकट उतार कर नर्तकी को समर्पित कर दिया। उत्साहित नर्तकी जब वही दोहा फिर दोहराने लगी, तो राजा ने ऊंची आवा? में कहा—बस करो राजनर्तकी, अपने एक ही दोहे से, तुमने वेश्या होकर भी, आज यहां बैठे हुए लोगों को लूट लिया है।जब यह बात राजा के गुरु ने सुनी तो गुरु जी कहने लगे—राजा! इसको तुम वेश्या मत कहो, ये तो मेरी गुरु बन गयी है। आज इसने बताया है कि मैं सारी उम्र संयमपूर्वक ईश्वर-भक्ति करता रहा हूं और जीवन के आखिरी समय में इस राजनर्तकी का यह मुज़रा देखकर, अपनी साधना को नष्ट करने यहां चला आया हूं। इसलिए मैं तो चला। यह कहकर गुरु जी अपना कमण्डल उठा कर जंगल की ओर चल प?।

तभी राजा की लड़की ने भी कहा—पिताजी! आप राजकाज में आंखें बन्द किए बैठे रहे हैं। मेरी शादी की बात आपने कभी सोची ही नहीं। आज रात को मैंने आपके महावत के साथ भागकर शादी करने की योजना बना ली थी लेकिन इस नर्तकी ने मुझे सुमति दी है कि जल्दबाजी मत कर, कभी तो तेरी शादी होगी ही। क्यों अपने पिता और इस राजवंश को कलंकित करने पर तुली हुई है? मुझे क्षमा करें। तभी युवराज ने भी क्षमा मांगते हुए कहा—पिता जी! आप वृद्ध हो चले हैं, फिर भी मुझे राज्य नहीं दे रहे थे। मैंने आज रात ही आप के सिपाहियों से मिलकर, आपकी हत्या करवा कर राज्य छीन लेने की योजना बनाई थी, लेकिन इस नर्तकी ने मुझे समझाया कि पगले! आज नहीं तो कल, आखिर राज्य तो तुम्हें ही मिलना है, तब क्यों अपने पिता की हत्या का कलंक अपने सिर पर लेता है? जब ये सब बातें राजा ने सुनी, तो राजा को भी आत्मज्ञान हो गया। राजा के मन में भी वैराग्य आ गया। राजा ने उसी समय युवराज का राजतिलक किया और अपनी पुत्री को कहा—पुत्री! आज दरबार में एक से एक राजकुमार आये हैं। तुम अपनी इच्छा से किसी भी राजकुमार के गले में वर माला डालकर पति रूप में चुन सकती हो। राजकुमारी ने ऐसा ही किया और राजा अपना राजपाट त्याग कर अपने गुरु की शरण में चला गया। यह सब देखकर उसी समय राजनर्तकी में हृदय में भी वैराग्य आ गया।हर व्यक्ति को थोड़ा धैर्य रखकर चिन्तन करने की आवश्यकता है। दृष्टि भले ही एक सा दिखलाती हो, लेकिन महत्वपूर्ण और मूल्यवान तो आदमी का दृष्टिकोण ही होता है।

**योगेंद्र नाथ शर्मा 'अरुण'**

# सामूहिक सहकारों से ही नवयुग के लक्ष्य

डेढ़ बरस से अधिक हो गया, पूरा देश महामारी के भय से बीमार मानसिकता में जी रहा है। कोरोना की पहली लहर पिछले वर्ष के शुरू में भारत में आई थी। पहले दीये जलाकर, थालियां बजाकर इसका मुकाबला करने का प्रयास किया गया। संक्रमण बेकाबू होता दिखा तो पूर्ण लॉकबंदी और फिर क्रमश- प्रतिबंधों में रहते रियायतें देते हुए जब पिछले वर्ष के अंत में इस रहस्यमय बीमारी का दबाव कम हुआ तो आम आदमी यूं अपना जीवन पुन- जीने के लिए मैदान में आया जैसे कि उसका जीवट अभी भी तैयार-बर-तैयार है।

आंकड़ा शास्त्रियों ने बताया कि देश में सामान्य बेकारी के साथ इतनी अतिरिक्त बेकारी पैदा हो गयी जितनी पिछले चार दशकों में नहीं देखी थी, इतनी महंगाई हो गयी कि उसने मोदीकाल से परे डॉ. मनमोहन सिंह के महंगे भयावह दिनों को फिर जीवित कर दिया। महानगर से उखड़कर वैकल्पिक जीवन की तलाश में गांवों की ओर लौटती श्रम शक्ति प्रवासी भारतीयों का कोरोना भय से पीड़ित देशों से भाग अपनी धरती की गोद में लौटना। इधर देश में कुछ ऐसे असुन्दर सच थे, जिन्होंने अच्छे दिन आने के सपनों को विदीर्ण कर दिया, गरीब आदमी के बैंक खातों में पंद्रह लाख रुपये जमा हो जाने की तो बात ही छोड़िये। अब सामान्य जिंदगी जीना ही पूरा देश भूल गया। शिक्षालय बाधित, खेल खिलाड़ियों के मैदानों पर रंग बदलते वायरस के साये और अपने आपको घरों की चारदीवारी में कैद कर देने की मजबूरी पिछले बरस से इस बरस तक सरक आयी है। महामारी की इस दूसरी लहर ने ऐसा हृदयविदारक रंग बदला कि कोरोना ने संक्रमण की ऊंचाइयां छू लीं, बीमारी से मौत तक की यात्रा दम घुटती सांसों के रास्ते पर चलती हुई और दुरूह हो गयी।देश की उत्पादकता का आश्चर्यजनक रूप से घट जाना और विकास दर का शून्य से नीचे चले जाना, देश की आर्थिकता के स्वत- स्फूर्त हो जाने को एक दुःस्वप्न दे गया है। दूसरी लहर में संक्रमण गांवों तक चला आया, लेकिन देश का किसान उसी तरह सिर उठाये खड़ा रहा। उसके खेत उसी तरह फसलों के रूप में प्राणदायी हीरे-मोती उगलते रहे। कितना कठिन था, इस वर्ष का पहला आधा भाग। जीवन जैसे कारागार लगने लगा था और बंधे बंधाये पेशे उखड़ने लगे। इस कृषि प्रधान देश की धरती ने अभी भी उसका साथ दिया, लेकिन औद्योगिकीकरण की राह पर चलता, उभरता, संवरता समाज निवेश, उद्यम और व्यवसाय के लिए कालरात्रि बन गया। मनोरंजन और पर्यटन की दुनिया ने दम तोड़ा, देश का पटरी बाजार व्यवसाय अनियमित रोजगार जीने की पनाह मांगने लगा। देश की रात्रि जिंदगी ने दम तोड़ा ही, दिन में भी बाजार जब खुले तो सूने और ग्राहकों की बाट जोहते हुए। महानगरों से जो पलायन हुआ, उसे गांवों ने समेटा नहीं और गांवों से रोजी तलाशते लोगों का निष्क्रमण शहरों और विदेशों की ओर जारी रहा।विश्व के भुखमरी सूचकांक में भारत की हालत बदतर हो गयी और देश की सर्वोच्च न्यायपीठ को भी कहना पड़ा कि देश में करोड़ों लोग भूख से न मरें, उनके जिंदा रहने की व्यवस्था करना सत्ता का प्रथम कर्तव्य है। लेकिन काम करने वाले हाथ पूछते रहे कि हमारे हाथों के लिए रोजगार की, काम की व्यवस्था हो, यह भी तो हमारा मूलभूत अधिकार है। इसके स्थान पर इस देश में खैरात संस्कृति और राहतों-रियायतों की दिलासा या दिशाहीन कार्ययोजना के बिना मनरेगा का विस्तार मिला जो कोई विकल्प नहीं। लेकिन ऐसे विकट संकट में देश की 135 करोड़ आबादी ने अपना अनुशासन या जीने के लिए जूझने की उम्मीद नहीं छोड़ी। सरकार ने रोग से जूझने के जो निर्देश दिये, उनका भरसक पालन किया। मास्क को वैक्सीन माना, सामाजिक अन्तर रख कर चले और जीने के लिए श्रम की चाह की। निवेशकों ने दोनों आर्थिक बूस्टरों से प्रेरणा ली है। पहला, पिछले वर्ष का बीस लाख करोड़ रुपये का आर्थिक बूस्टर, और दूसरा अभी वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा छह लाख करोड़ से अधिक का घोषित आर्थिक बूस्टर। यह दीगर बात है कि ये बूस्टर साख प्रेरक थे, मांग प्रेरक नहीं। तो भी शेयर मंडियों के सूचकांकों की उछाल बताती है कि निवेशक आज भी नयी जिंदगी की तलाश में है, उनके उद्यम में कमी नहीं।लेकिन बाजारों में मांग की कमी और पेट्रोल और डी?ल की कीमतों में अबाध वृद्धि आज भी निवेश वृद्धि के लिए लक्ष्मण रेखा बन रही है। तीसरी लहर के कोरोना प्रकोप की घोषणा के बावजूद आम आदमी तो एक नयी दुनिया बसाने के लिए जूझने को तत्पर है, लेकिन बहुतायत है लघु, कुटीर और मध्यम उद्यमियों की, छोटे बाजारों और फड़ियों पर बैठे अनियमित व्यापारियों की और उन छोटे किसानों की जो पूरी मेहनत के बावजूद प्रतिफल मिलने पर अपने आपको वंचित प्रतिबंधित पाते हैं।सरकार ने ऐसे कठिन समय में आत्मनिर्भरता का नारा तो दे दिया, मिश्रित अर्थव्यवस्था को त्याग कर सरकारीकरण के स्थान पर निजीकरण को प्रश्रय दिया है। लेकिन छोटा किसान और छोटा उद्यमी, जो युवा इस देश का आज भी बहुभाग है, अपने पैरों के नीचे की धरती तलाश रहा है।सही है कि घोषणाओं में मध्यम, लघु, कुटीर उद्योगों के लिए उदार और रियायती ऋण की व्यवस्था है, लेकिन इन्हें आरक्षित मंडियों का उत्साह भी तो मिलना चाहिए। इन उद्योगों से पैदा होने वाली वस्तुएं भारतीय लोकसंस्कृति की अनूठी छाप लिये रहती हैं, लेकिन इनके लिए विदेशी निर्यात का प्रोत्साहन भी तो जुटाना होगा। इनकी विशिष्ट मांग पर बड़े व्यावसायिक घरानों की स्वचालित मशीनों के कम लागत वाले सस्ते उत्पादों का दबदबा क्यों बना रहता है?

**सुरेश सेठ लेखक साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।**

# आपका राशिफल 7 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5546



**बायें से दायें:-**

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल को तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5545



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6065

★★★★☆ कठिन


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6064 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# भटकाव से रोकते स्वामी विवेकानंद के विचार



यह दौर बेहद संघर्षों का दौर है। इसमें अनेक चिंताएं हैं, परेशानियां हैं। कभी-कभी तो उन परेशानियों से पार पाने का कोई रास्ता नहीं सूझता। ऐसे में याद हैं स्वामी विवेकानंद की जीवन के प्रति बताई गयी कई महत्वपूर्ण बातें। विवेकानंद जी ने कहा था, चिंतन करो, चिंता नहीं। चिंतन समाज की भलाई का। चिंतन समस्याओं से पार पाने का। स्वामी विवेकानंद ने हर वर्ग के लोगों के लिए ऐसी बातें कहीं, जिन पर अगर मनन कर लिया जाये और उसी दिशा में बढ़ा जाये तो शायद जीवन का भटकाव थोड़ा कम हो जाये। यूं तो विवेकानंद की बातें हर पल मनन योग्य हैं, लेकिन इस महामना को आज (4 जुलाई) विशेष नमन। आज महान कर्मयोगी, पथ प्रदर्शक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि है। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद का देहावसान छोटी सी उम्र में 4 जुलाई 1902 को हो गया। रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए। अल्पायु में ही उस दौर में स्वामी विवेकानंद ने समाज को जो दिशा दी, सचमुच वह आज भी प्रासंगिक है। आज महामारी के इस दौर में करिअर की दहलीज पर खड़े युवाओं के सामने अंधेरा सा छाया हुआ है, लेकिन यह अंधेरा स्थायी नहीं है। ऐसे में जरूरत है आत्मविश्वास बनाये रखकर अपने भविष्य की तैयारियों को जारी रखने की। स्वामी विवेकानंद ने कहा था, 'जब तक आप स्वयं पर विश्वास नहीं करते, आप भगवान पर विश्वास नहीं कर सकते।' साथ ही उनका संदेश था, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' वह कहते थे, 'खुद को कमज़ोर समझना सबसे बड़ा पाप है।' इस दौर में बेशक हजारों हाथ उन परेशान लोगों की मदद को उठ रहे हैं जिनका रोजगार लॉकडाउन या अन्य कारणों से चला गया, लेकिन अनेक ऐसे भी लोग हैं जो मदद करना तो दूर, गरीबों के लिए आये राशन-पानी को डकार रहे हैं। विवेकानंद जी ने शास्त्रों में परोपकार के गुणों की व्याख्या को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा, परोपकार धर्म का दूसरा नाम है।

इसी संदेश के विस्तार में उन्होंने कहा था, 'जिस पल आपको यह पता चल जायेगा कि ईश्वर आपके भीतर है। उस पल से आपको प्रत्येक व्यक्ति में ईश्वर की छवि नजर आने लगेगी।' विवेकानंद जी के जीवन के किस्से हों या उनके कहे हुए विचार, हर चीज मानवता का संदेश देती है। जरूरत है उन पर अमल करने की। पुण्यतिथि पर स्वामी विवेकानंद को शत शत नमन।

## विचार प्रवाह



यदि कोई पति पत्नी अपने घर एकहोनहार बेटा चाहते हं तो उन्हें संयम और मर्यादा में रहना होगा। तपस्वी पति पत्नी के घर ही ऐसा होनहार बेटा पैदा होता है। जिस घर में पति पत्नी सारे दिन ताश चौपड़ खेलते हैं क्लब में जाकर डांस करते हैं और शराब पीते हैं। उस घर में दु:शासन और दुर्याधन ही पैदा होंगे। जीवन में संयम और मर्यादा होगी तो ही घर में राम, कृष्ण, महावीर, कुन्दकुन्द और शिवाजी महाराज का जन्म होगा। अगर बेटा शराबी है, चोर उचक्का है तो इसके लिए 50 फीसदी दोषी मां बाप भी हैं।

**मुनिश्री तरुणसागर**

## शब्द पहेली - 7138




**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरूरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

शब्द पहेली - 7137 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मध्य प्रदेश को औषधीय पौधों का हब बनाने की कवायद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश को औषधीय पौधों का हब बनाने के लिए काम किया जा रहा है। इस काम में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। आयुष विभाग हर जिले में 1500 औषधीय पौधों का निश्शुल्क वितरण कर रहा है। इसके माध्यम से लोगों को औषधीय पौधों का महत्व बताना है। साथ ही सामान्य बीमारियों में इनसे किए जाने वाले उपचार की जानकारी देना है।यदि कोई व्यक्ति औषधीय पौधों की जानकारी लेना चाहता है तो वह हर जिले में स्थापित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर इनके संबंध में जानकारी ले सकता है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लोगों में औषधीय पौधों को लेकर जानकारी बढ़ेगी तो भविष्य में वे खुद इस दिशा में काम करेंगे और प्रदेश में औषधीय पौधों की संख्या बढ़ेगी।आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयुष विभाग ने वर्षभर संचालित किए जाने वाले कार्यों की योजना बनाई है। इसी के तहत आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से घरों में औषधीय पौधों के रोपण के लिए इनका निश्शुल्क वितरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम शुरू हो चुका



है। इस योजना के पीछे विभाग के अधिकारियों की मंशा है कि सामान्य बीमारियों में उपचार के काम आने वाले पौधे लोग घरों में लगाएंगे तो जनसामान्य की यह आदत बन जाएगी। इससे औषधीय पौधों का संरक्षण होगा। साथ ही जिनके पास खेत या खाली जमीन है, वे बड़े पैमाने पर इनकी खेती की ओर अग्रसर होंगे। औषधीय पौधों से संबंधित जानकारी देने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर व्यवस्था की गई है। हर जिले के औषधालयों पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारी लोगों की मदद करेंगे। इस योजना में अन्य विभाग भी जुड़े हैं और यदि कोई इस दिशा में काम करना चाहता है तो उन्हें मार्गदर्शन मिल जाएगा। आयुष विभाग का काम औषधीय पौधों के प्रति जागर्स्कता लाना है।

आयुष आपके द्वार योजना के तहत औषधीय पौधों का वितरण किया जा रहा है। उद्देश्य आमजन में औषधीय पौधों के प्रति जागरुकता लाना है। लोगों का मार्गदर्शन भी हम करेंगे।

**करलिन खोंगवार देशमुख, आयुक्त, आयुष विभाग**




# लार्वा और मच्छर की रोक थाम के लिए हर दफ्तर में होगा एक कर्मचारी

**भोपाल ।** सरकारी और निजी दफ्तरों में लार्वा पनप रहे हैं, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है। ऐसे में दफ्तरों से डेंगू और चिकनगुनिया फैलने का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे में अब हर दफ्तर के एक एक कर्मचारी की ड्यूटी पानी की टंकियों में लार्वा और मच्छर को नष्ट करने और स्वास्थ्य विभाग को सूचना देने को लेकर रहेगी। इसके लिए हर दफ्तर से एक कर्मचारी को लार्वा की पहचान, डेंगू और चिकनगुनिया के लक्षण के बारे में बताया जाएगा।

इस संबंध में कर्मचारियों को मंगलवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिया है कि एक कर्मचारी को प्रशिक्षण के लिए भेजें। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने बताया कि यह व्यवस्था होने से दफ्तरों में मच्छर पनपने और डेंगू फैलने का खतरा कम हो जाएगा।

## डेंगू के चार नए मरीज मिले



शहर में रविवार को डेंगू के चार नए मरीज मिले हैं। यह मरीज बंगरसिया, कोटरा और मालवीय नगर में मिले हैं। इसके सा ही शहर में इस साल डेंगू मरीजों की संख्या 112 हो गई है। चिकनगुनिया को एक भी मरीज रविवार को नहीं मिला है। इसके अब तक 23 मरीज हैं। 25 मरीजों का शहर के निजी और सरकारी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

## जेपी में चोरी का मामला, पांच से पूछताछ

जेपी अस्पताल में तांबे के पाइप व केबल काटे जाने के मामले में हबीबगंज थाने में एफआइआर के बाद पुलिस ने पांच संदेहियों से पूछताछ की है। सीसीटीवी फुटेज भी देखे हैं, लेकिन जहां से केबल चोरी हुआ है वहां अंधेरा होने की वजह से कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। बता दें कि अस्पताल में हफ्ते भर के भीतर केबल चोरी होने की तीन घटनाएं हो चुकी हैं।

# 9 लाख निर्धन परिवारों को मिलेगा प्रधानमंत्री उज्जवला 2.0 योजना का लाभ




**भोपाल।** प्रधानमंत्री उज्जवला 2.0 योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ निर्धन परिवारों को नि?शुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगे। योजना में मध्यप्रदेश के 9 लाख निर्धन परिवार भी लाभान्वित होंगे। प्रमुख सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण फैज अहमद किदवई ने बताया कि योजना के अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन जारी किये जाने पर समस्त पात्र हितग्राहियों को डिपॉजिट फ्री गैस कनेक्शन मिलेंगे। इसके साथ ही प्रथम रिफिल एवं गैस चूल्हा (हॉट-प्लेट) भी नि?शुल्क दिया जायेगा।

## गरीब गृहस्थी से संबंधित महिला होंगी हितग्राही

प्रमुख सचिव ने बताया?कि उज्जवला योजना के अंतर्गत ऐसी वयस्क महिला गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिये पात्र होंगी, जो गरीब गृहस्थी से संबंध रखती हैं एवं जिनकी गृहस्थी में किसी भी प्रकार का गैस कनेक्शन पहले से उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा ऐसे हितग्राही, जो स्श्वष्टष्ट 2011 की सूची के अनुसार पात्र हों एवं अनुसूचित जाति/जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंत्योदय अन्न योजना, वनवासी, अति पिछड़ा वर्ग, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियां, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत श्रेणी की महिलाएँ कनेक्शन का लाभ ले सकेंगी।

## प्रदेश के 9 लाख परिवारों को मिलेगा लाभ

किदवई ने बताया कि उज्जवला 2.0 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 9 लाख परिवारों को गैस कनेक्शन प्रदाय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व से तैयार ई-केवाईसी की संख्या 2 लाख 33 हजार है। प्रदेश में 38 ऐसे जिले हैं, जहां एलपीजी कव्हरेज 90 प्रतिशत से कम है। ऐसे जिलों में प्राथमिकता के आधार पर ई-केवाईसी जमा कराई जा रही है। किदवई ने बताया कि विकासखण्ड में लागू इस योजना का लाभ प्रवासी मजदूर, जो अन्य राज्यों से हैं, को भी दिया जायेगा। हितग्राही ई-केवाईसी में अधूरी जानकारी को उचित मूल्य दुकानदार के माध्यम से पूरी करा सकते हैं। आवेदक परिवार अपनी इच्छा अनुसार कम्पनी एवं गैस वितरक का चयन कर सकेगा।

## हितग्राही 7 दिन में पूरे करें अपने अधूरे प्रपत्र

ऐसे चिन्हित परिवार, जिनके पास आधार नम्बर उपलब्ध नहीं है, मुखिया के साथ अन्य वयस्क सदस्यों को प्राथमिकता पर %आधार% पंजीयन कराना होगा। राज्य सरकार द्वारा पंजीयन कार्य को विशेष अभियान चलाकर पूरा किया जायेगा। जिन हितग्राहियों का बैंक खाता नहीं है, वे 7 दिन के अंदर बैंक खाता खुलवायेंगे। जन-धन बैंक खाते का उपयोग गैस कनेक्शन के लिये मान्य रहेगा। प्रमुख सचिव खाद्य बताया कि जिलों में गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिये शिविर लगाकर केवाईसी प्रपत्रों की जाँच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसी द्वारा आवेदन प्राप्त होने के 7 दिन के अंदर गैस कनेक्शन स्वीकृत किया जायेगा, जिसकी सूचना आवेदक के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से दी जायेगी। गैस कनेक्शन जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित समारोह में प्रदाय किये जायेंगे।



# भोपाल में दो केंद्रों पर दसवीं व बारहवीं की विशेष परीक्षा आज से शुरू

## परीक्षार्थियों में नजर आया उत्साह

**भोपाल ।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बाहवीं की विशेष परीक्षा आज से शुरू हो गई हैं। राजधानी भोपाल में दो परीक्षा केंद्रों कमला नेहरू स्कूल और सरोजनी नायडू कन्या स्कूल बैरसिया में विशेष परीक्षा सुबह 9ः00 बजे से शुरू हुई। इस विशेष परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया। ज्?यादातर विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। विद्यार्थियों को थर्मल स्क्रीनिंग कर और सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करते हुए परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। सभी विद्यार्थी समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंच गए और कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए परीक्षा में शामिल हुए। एक बेंच पर एक विद्यार्थी को बैठाया गया है। पहले दिन दसवीं का गणित का पेपर है, वहीं 12वीं में इतिहास और रसायन शास्?त्र विषय की परीक्षा ली जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी नितिन सक्सेना ने भी कमला नेहरू स्कूल के परीक्षा केंद्र में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौरतलब है कि प्रदेशभर से दसवीं व बारहवीं की विशेष परीक्षा में साढ़े 14 हजार विद्यार्थी सम्?मिलित हो रहे हैं। इनमें भिंड-मुरैना के विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा रहेगी। दरअसल, माध्?यमिक शिक्षा मंडल ने कोरोना के चलते दसवीं का रिजल्ट बेंचमार्क व बारहवीं का परिणाम दसवीं के रिजल्ट के आधार पर घोषित किया है। इस रिजल्ट से नाखुश विद्यार्थियों को माशिमं ने विशेष परीक्षा का विकल्?प दिया, जो आज से शुरू हुई है। इस परीक्षा को देकर वह अपने परिणामों में सुधार कर सकेंगे। दसवीं के 9005 विद्यार्थी इस विशेष परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, वहीं बारहवीं के ऐसे 5569 विद्यार्थी हैं। इसमें दसवीं की परीक्षा में सर्वाधिक विद्यार्थी भिंड-मुरैना से हैं। दोनों जिलों में ढाई हजार से अधिक विद्यार्थी दसवीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं, जबकि राजधानी से दसवीं में 249 व बारहवीं में 160 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। दसवीं की परीक्षा 15 सितंबर तक और बारहवीं की 21 सितंबर तक चलेगी। सुबह 9 बजे से परीक्षा शुरू हुई है, जो दोपहर 12 बजे तक चलेगी। इस प्रकार दोनों परीक्षाओं का संचालन एक साथ किया गया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 27 शिक्षक हुए सम्मानित

**भोपाल।** शिक्षक दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा रराष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया। श्री परमार ने वल्लभ भवन में आयोजित वर्चुअली सम्मान समारोह में शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 27 शिक्षकों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 25 हज़ार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। वहीं इससे पहले नई दिल्ली में राष्ट्रपति के आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2021 का वर्चुअल कार्यक्रम का विंध्याचल भवन स्थित एनआइसी केन्द्र में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश से राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक का सम्मान किया गया। मध्यप्रदेश से राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित मंडला के शिक्षक शक्ति पटेल का सम्मान किया गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के आतिथ्य में आयोजित %राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2021 के वर्चुअल कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मंडला जिले के बिछिया विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल मांद के माध्यमिक शिक्षक शक्ति पटेल को सम्मानित किया गया। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक शक्ति पटेल को शॉल व श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और राज्य शासन की ओर से 11 हज़ार रुपये की सम्मान राशि का चेक भेंट किया। मंत्री ने कहा कि शिक्षक भारत की शिक्षा व्यवस्था के आदर्श, मूल्य और संस्कार के वाहक हैं। शिक्षक भारत की सनातन परंपरा का पालन करते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाने लिखाने तक सीमित न होकर, उन्हें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला एक व्यक्तित्व है। उन्होंने शिक्षकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य को आकार देते है और इस तरह राष्ट्र के भावी भविष्य का निर्माण करते है। इस नेक योगदान के कारण ही शिक्षक समाज के सबसे ज्यादा सम्मानित सदस्य हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से 27 शिक्षकों का सम्मान करते हुए मंत्री ने कहा कि यह सम्मान प्रदेश के हर शिक्षक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े हर अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान है। श्री परमार ने भोपाल जिले की शिक्षिका वंदना पांडे को मंत्रालय में सम्मानित करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों के एनआइसी कक्षा से जुड़े शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और 25 हज़ार रुपये की सम्मान राशि से सम्मानित किया।



## आचार्य चाणक्य का अनुसरण कर भारत को बनाये विश्वगुरु

राज्यमंत्री परमार ने सभी शिक्षकों को आचार्य चाणक्य का उदाहरण देते हुए कहा कि आचार्य चाणक्य ने देश को संगठित और विदेशी शक्तियों का नाश कर अखंड भारत का निर्माण किया था। एक बार पुनः शिक्षा के क्षेत्र में भारत का पुनर्निर्माण किया जाना है। देश के अच्छे नागरिक को विकसित करने के साथ विद्यार्थी के अंदर संवेदनशील व्यक्तित्व का निर्माण करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री परमार ने सभी शिक्षकों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने का आग्रह भी किया।

## कोरोना काल में दिवंगत शिक्षकों को दी श्रद्धांजलि

श्री परमार ने कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में शिक्षा व्यवस्था के दिवंगत हुए सभी शिक्षकों और स्टाफ को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा हमारे शिक्षकों ने कोरोना संकटकाल के दौरान शासन द्वारा सौपे विभिन्न दायित्यों का निर्वहन कर आमजन को राहत पहुंचाने के साथ-साथ विद्यार्थियों की शिक्षा निरंतर रखने का उत्कृष्ट कार्य किया है। भविष्य में जब इतिहास लिखा जाएगा तो शिक्षा क्षेत्र में उनका स्मरण और योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

## अपनी क्षमताओं से आगे बढ़कर निभाया शिक्षकों ने कर्तव्य

स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी ने कोरोना संकटकाल के दौरान शिक्षकों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के सभी शिक्षकों ने पाठ्यपुस्तक से आगे बढ़ते हुए नित नए प्रयोग कर शिक्षा व्यवस्था को निरंतर रख विद्यार्थियों के भविष्य को सवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। हमारा घर हमारा विद्यालय, डिजिलेप और यूट्यूब पर कक्षाओं जैसी प्रयोग सिर्फ इसलिए सफल रहे, क्योंकि हमारे शिक्षकों ने पूरी इमानदारी और क्षमताओं से आगे बढ़कर अपना कर्तव्य निभाया है।

## प्रदेश के 27 शिक्षक हुए सम्मानित

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह-2021 के ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 27 शिक्षकों को शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन शिक्षकों में उज्जैन की प्राचार्य डॉ चित्ररेखा जैन, राजगढ़ की व्याख्याता बबीता मिश्रा, दमोह के अजय कुमार सिंघई, डिंडोरी के उच्चतर माध्यमिक शिक्षक प्रशांत कुमार साहू, बालाघाट के शिक्षक गौरीशंकर पटले, बड़वानी के अनिल प्रबोध मिश्रा, बैतूल की ममता गोहर, भोपाल की वंदना पांडे, छतरपुर के सचिन कुमार द्विवेदी, छिंदवाड़ा की भावना शर्मा, धार के बालकृष्ण शुक्ला, गुना की डॉक्टर सारिका जैन, मंदसौर के पंकज कुमार गुप्ता, मुरैना के उमेश कुमार तिवारी, नरसिंहपुर के सुशील कुमार शर्मा, रतलाम की सीमा अग्निहोत्री, सीहोर के संजय सक्सेना, सिवनी के अविनाश पाठक, शहडोल की डॉ निधि शुक्ला, शाजापुर के आशीष जोशी, टीकमगढ़ के शफी मोहम्मद, राजगढ़ के मोहन विश्वकर्मा, रमाकांत पांडे, भिंड के माध्यमिक शिक्षक मोहम्मद शकील, मंडला के अखिलेश उपाध्याय, देवास के महेश कुमार सोनी और नीमच के निर्मल राठौर शामिल है।

# हबीबगंज स्टेशन पर यात्रियों को 20 सितंबर से मिलने लगेगी बैटरी चलित कार की सुविधा



**भोपाल।** हबीबगंज रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को 20 सितंबर से बैटरी चलित कार की सुविधा मिलने लगेगी। इसके लिए यात्रियों को मामूली शुल्क चुकाना होगा। यात्री बैटरी चलित कार प्लेटफार्म 1 व 5 की तरफ टिकट बुकिंग काउंटर के पास से ले सकेंगे।

## प्लेटफार्म पर बढ़ाई जाएगी कुर्सियों की संख्या

हबीबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर कुर्सियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि ट्रेनों का इंतजार कर रहे यात्रियों को सहूलियत हो। अभी इनकी संख्या कम है।

अभी यह सुविधा भोपाल रेलवे रेलवे स्टेशन पर है। हबीबगंज रेलवे स्टेशन पर इस सुविधा के मिलने से बीमार, दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को बड़ी सहूलियतें होंगी। अभी इन यात्रियों को व्हीलचेयर की मदद लेनी पड़ती है। यह काफी मुश्किल है क?योंकि स्टेशन के अंदर फिलहाल अंडरग्राउंड सब-वे से पहुंचना पड़ता है, जो काफी घुमावदार है। इसकी वजह से बीमार, दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को असुविधाएं होती हैं।बता दें कि स्टेशन का प्रबंधन करने वाली डेवलपर कंपनी बंसल पाथ-वे हबीबगंज प्राइवेट लिमिटेड ने दो बैटरी चलित कार मंगाने के आर्डर दे दिए हैं, जो जल्द ही मिल जाएंगी। स्टेशन को विकसित करने वाली नोडल एजेंसी इंडियन रेलवे स्टेशन डेवलपमेंट कार्पोरेशन के उप महाप्रबंधक राजेश मंडलोई ने बताया कि पूर्व से स्टेशन पर पर्याप्त व्हीलचेयर की व्यवस्था है। अब बैटरी चलित कार की व्यवस्था भी जल्द शुरू करने जा रहे हैं। इसका शुल्क भी मामूली रखा जाएगा, ताकि यात्रियों की जेब पर ज्?यादा बोझ न पड़े।।

## ट्रेवलेटर, स्केलेटर व लिफ्ट चालू करने की मांग

हबीबगंज रेलवे स्टेशन को निजी भागीदारी से पुन विकसित किया है। इस स्टेशन पर लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवलेटर लग चुके हैं। आम यात्रियों की मांग है कि इनमें से कुछ को चालू कर देना चाहिए। ऐसा करने से यात्रियों को प्लेटफार्मों तक पहुंचने में आसानी रहेगी। प्लेटफार्म पर अभी ये तीनों सुविधाएं बंद हैं

# बेशकीमती लकड़ी चुरा रहे थे बदमाश-वन रक्षक बल ने दबोचा

**भोपाल।** शाहपुरा की कटी पहाड़ी मोर वन से शनिवार-रविवार की दरमियानी रात वन विभाग की टीम ने तीन चंदन चोरों को रंगे हाथों पकड़ लिया। बाद में वन विभाग की ओर से शाहपुरा थाने में तीनों आरोपितों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई। यह पहली बार है, जब किसी चंदन चोर को मौका-ए-वारदात से रंगेहाथ दबोचा गया है। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय दीपक बोरडे वन विभाग में पदस्थ हैं। उन्होंने शिकायत की थी कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात वन विभाग का दस्ता रात्रि गश्त पर था, तभी एक जगह उनको पेड़ पर आरी चलाए जाने की आवाज सुनाई दी। जाकर देखा तो एक व्यक्ति मिला, जबकि उसके दो साथी भाग गए। वो लोग मिलकर चंदन का पेड़ काट रहे थे। वन विभाग की बाकी टीम को सूचना मिली तो वह भी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने घेराबंदी कर चंदन चोरों की तलाश शुरू की तो थोड़ी ही देर में बाकी दोनों आरोपित भी पकड़े गए। बाद में वन विभाग की टीम ने आरोपित बिलाल खान, असलम खान और जलाल खान को रात में ही शाहपुरा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उन पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपितों द्वारा काटी गई चंदन की लकड़ी की कीमत करीब चालीस हजार रुपये बताई जा रही है। वे इस लकड़ी को ले जाने की फिराक में थे, तभी वन विभाग के दस्ते ने उन्हें दबोच लिया।

## मंत्री व अफसर के सरकारी बंगलों से काटे जा चुके हैं पेड़

चंदन के पेड़ चोरी का सिलसिला राजधानी में लंबे समय से हो रहा है। राजभवन से चंदन के पेड़ चोरी हो चुके हैं। मंत्री गोपाल भार्गव के सरकारी आवास में भी चंदन पेड़ काटने की घटना सामने आई थी। इसके अलावा चार इमली जैसे अतिसुरक्षित इलाके में चंदन चोर कई बार सेंध लगा चुके हैं। इधर, लंबे समय बाद वन रक्षक बल ने सक्रिय रहते हुए चंदन चोरों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

# आठ साल से लटका झंडाबाजार में प्रसाधन की जमीन पर दुकानों के निर्माण का मामला

## डेढ़ करोड़ से अधिक की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण की फाइल दबी



**जानकारी मांगने पर आयोग को भी गुमराह किया जिम्मेदारों ने**

**अब सही कार्रवाई व रिपोर्ट मंगाने से नगर निगम में मचा हड़कंप**

**कटनी।** शहर में बेशकीमती जमीन पर कब्जा, खुर्द-बुर्द करने का खेल व्यापक पैमान पर चल रहा है। बीच शहर नगर निगम के करोड़ों रुपये की जमीन पर चार लोगों द्वारा नगर निगम के अधिकारियों की सह पर न सिर्फ कब्जा किया गया है बल्कि पक्का निर्माण कर कारोबार किया जा रहा है। 2013 में मामले की जांच में अतिक्रमण भी पाया गया, कार्रवाई के लिए आदेश जारी हुए लेकिन आठ साल से फाइल दबी हुई है। जब आयोग ने फाइल तलब की तो विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार झंडाबाजार में नगर निगम द्वारा सार्वजनिक प्रसाधन निर्माण के लिए जमीन छोड़ी गई थी। यहां पर 1999-2000 के बीच नगर निगम के कुछ अधिकारियों ने वहां के व्यापारियों से मिलीभगत कर लगभग 125 वर्गफीट जमीन पर कब्जा करा दिया। जब मामला उछला तो नगर पालिक परिषद सम्मेलन में चर्चा हुई। दोषी अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के लिए दस्तावेज लोकायुक्त को भेजने कहा गया।

### आयुक्त की फटकार के बाद मिली गुमी फाइल

गौरतलब है कि इस मामले में आरटीआइ लगाकर दुकानों के संबंध में दस्तावेज जुटाने प्रयास किया गया तो फाइल गुम जाने की बात कहकर जानकारी नहीं दी गई। मामला आयोग के पास पहुंचा तो आयोग ने फाइल गुमने के मामले में जांच कराने, दोषियों पर नामजद एफआइआर कराने कहा। 27 अगस्त को कार्रवाई कराने की भी जानकारी भेजी गई। इसमें बताया गया कि दोषी कर्मचारी राजकुमार सोनी को निलंबित किया गया है और 155 में एफआइआर कराई है जो सही नहीं थी। वह भी कुछ ही दिनों में बहाल कर दिया गया। जब फिर इसकी शिकायत हुई तो आयोग ने नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे को शपथ पत्र में की गई जांच, नामजद 154 के तहत एफआइआर कराकर जानकारी से अवगत कराने सख्त निर्देश दिए हैं।

### इन्होंने किया है अतिक्रमण

उल्लेखनीय है कि झंडाबाजार में चार लोगों द्वारा करोड़ों रुपये कीमती जमीन में अतिक्रमण किया गया है। इसमें परमानंद वल्द सच्चानंद दुकान क्रमांक 104 से लगी भूमि पर 33 वर्गफीट में, अर्जुनदास वल्द ज्ञानचंद दुकान क्रमांक 105 से लगी 54 वर्गफीट में, ज्ञानचंद वल्द गोदाराम दुकान क्रमांक 95 से लगी भूमि 27 वर्गफीट में, नारायण वल्द सच्चानंद दुकान क्रमांक 95/1 से लगी हुई भूमि पर 27 वर्गफीट में अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कराते हुए वर्षों से कारोबार किया जा रहा है।

### नोटिस तक सीमित रही कार्रवाई

इस गंभीर मामले में 2013 में जांच के बाद अतिक्रमण पाया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया। अनुज्ञा शाखा से पत्र क्रमांक 4123 में थाना प्रभारी कटनी को पत्र भी लिखा गया था कि 15 नवंबर 2013 को कार्रवाई होना है, बल मुहैया कराया जाए लेकिन न तो निगम का अमला पहुंचा और ना ही आजतक कोई कार्रवाई हुई।

### इनका कहना है

यह गंभीर मामला मेरे संज्ञान में आया है। शीघ्र ही इसकी जांच शुरू कराई जाएगी। इसमें आयोग द्वारा मांगी गई रिपोर्ट को भी पुटअप किया गया गया है। दोषियों पर कार्रवाई के संबंध में भी अवगत कराया गया है। इस मामले में सूक्ष्मता से जांच कराई जाएगी। इसके अलावा नगर निगम की अन्य जितनी दुकानें है उनकी जांच, भैतिक सत्यापन कराया जाएगा।

**– सत्येंद्र सिंह धाकरे, आयुक्त नगर निगम**

# तहसीलदार से अभद्रता का आरोपी गिरफ्तार

## बरही पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम इटमा में तहसीलदार व पटवारी से अभद्रता का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं शासकीय नक्शा लेकर आरोपी फरार हो गया था। दो दिन बाद पुलिस ने बड़ी मशक्कत से आरोपी को दबोच लिया है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि ग्राम इटमा गांव में दुबे परिवार और सोनी परिवार में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। तहसीलदार विजयराघवगढ़ जितेंद्र पटेल के नाप कराई। कौशल सोनी नाम का युवक तहसीलदार से अभद्रता की, नक्शा रखे हुए थे, जिसे छीनकर भाग गया। रविवार को बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को दबोचा। आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 353, 186, 332 का प्रकरण दर्ज किया गया है। पटवारी द्वारा नापजोख करने के बाद शासकीय नक्शे को अपने कब्जे में करने पर कार्रवाई की गई है।

# डॉ. हाजी गुलाम मुर्तुजा का इंतकाल



**कटनी।** मिशन चौक निवासी प्रतिष्ठित नागरिक जनाब डॉक्टर हाजी गुलाम मुर्तुजा (मॉडर्न बड़ी फैक्ट्री) का आज सोमवार की सुबह 7 बजे इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही मिशन चौक क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया और बड़ी सं या में शुभचिंतकों ने मिशन चौक स्थित निवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। जानकारी के मुताबिक डॉक्टर हाजी गुलाम मुर्तुजा बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हाजी गुलाम अहमद सिब्तैन सिप्पू भाई के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार नमाजे जनाजा मु य कब्रस्तान कटनी में शाम 7 बजे अदा की जाएगी।

# आरक्षक पर एक लाख 32 हजार रुपये छीनने का आरोप

## पूर्व में भी हो चुकी है अवैध वसूली की शिकायत

**कटनी।** बरही थाना में पदस्थ एक आरक्षक पर रुपये छीनने का आरोप लगाया है। आशा बाई पति कमलेश लोनी निवासी चंदवार थाना इंदवार जिला उमरिया का आरोप है कि वह बेटे के साथ ऑटो में बरही आई हुई थी। यहां पर आरक्षक विनोद चौधरी ने वाहन को रोककर पूछताछ की। गाड़ी नहीं होने के कारण दस्तावेज नहीं थे। आशा का आरोप है कि वह गाड़ी की किश्त जमा करने जा रहे थे। 20 दिन पहले गाड़ी खरीदी है। दस्तावेज न होने पर आरक्षक गाड़ी थाने ले जाने के लिए कहा। रुपयों की मांग की, न देने पर एक लाख 32 हजार रुपये छीन लिए जबकि वह रुपये आटा चक्की की मोटर जल गई है, जिसे बनवाने व किराना सामग्री उठाने के लिए व किश्त जमा करने रुपये रखे थे। वहीं महिला द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई है, जिसका नंबर 15220024 है। महिला का आरोप है कि बच्चे के साथ आरक्षक ने मारपीट भी की है। कहा कि जब गाड़ी के दस्तावेज नहीं है तो क्यो चलाते हो। गाड़ी के दस्तावेज न होने पर 15 हजार रुपये लाने के लिए कहा। इसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई। महिला का आरोप है कि बरही थाने शिकायत लेकर पहुंची तो वहां से भगा दिया गया। इस मामले में आरक्षक विनोद चौधरी का कहना है कि अधिक सवारी लेकर ऑटो लेकर आया था, झूठा आरोप लगाया है। ऑटो जप्त किया गया है। महिला द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।

### इनका कहना है

महिला ने आरक्षक पर जो आरोप लगाए है उसकी जांच कराई जाएगी। थाना प्रभारी से रिपोर्ट मंगाएंगे। आरोप में कितनी सत्यता है यह पता लगाया जाएगा। जांच में यदि आरक्षक दोषी पाया जाता है तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

**– सुनील कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक**



# इस बार शुभ संयोग के साथ रवि और ब्रह्म योग में विराजेंगे बप्पा

## गणेशोत्सव की शुरुआत 10 से



**कटनी।** इस बार गणेश चतुर्थी के दिन रवि योग, ब्रह्म योग विद्यमान रहेगा। इसके साथ ही लग्न, ग्रह, नक्षत्रों के मेल भी इस दिन कई शुभ संयोग बना रहे हैंए इस लिहाज से गणेश चतुर्थी विशेष फलदायी होगी। इस दिन भद्रा की स्थिति भी रहेगी। भद्रा दोपहर 1 बजकर 13 मिनट से प्रारंभ हो जाएगी। इसलिए कुछ पंडितों का कहना है कि भद्रा के पूर्व स्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा। वहीं कुछ पंडितों का यह भी कहना है कि गणेश स्थापना में भद्रा का दोष नहीं लगता है इसलिए इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। पंडितों का कहना है कि इस बार गणेश चतुर्थी शुक्रवार के दिन आ रही है। शुक्रवार का दिन वैभव, सुख, समृद्धि का दिन माना जाता है।

### दोपहर बाद शुरू हो जाएगी भद्रा

छपरवाह स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पुष्पेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन रवि योग और ब्रह्म योग के साथ सूर्य, बुध, मंगल का योग लग्न में होने से कला, व्यापारी वर्ग और विद्यार्थियों को गणेशजी की विशेष कृपा मिलेगी। यह दिन सभी शुभ कार्यों और खरीदारी के लिए विशेष शुभ माना गया है। इस दिन दोपहर के बाद भद्रा शुरू हो जाएगी।

### विद्यार्थियों पर बरसेगी विशेष कृपा

पंडित पुष्पेन्द्र द्विवेदी के अनुसार इस दिन विद्यार्थियों को भगवान गणेश की विशेष कृपा प्राप्त होगी। इस दिन जो शुभ संयोग बन रहे हैं। उसके तहत भी विद्यार्थियों के लिए गणेश पूजा करना विशेष शुभ है।



# शिक्षक समाज में सम्मान का वास्तविक हकदार-डॉ पुष्पराज

**कटनी।** रीठी जनपद पंचायत रिठी के सभाकक्ष में राज्य शिक्षक संघ तहसील शाखा रीठी द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर पुष्पराज पटेल ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षक समाज में सम्मान का वास्तविक हकदार है आज शिक्षकों की बदौलत ही हम चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान करते हुए आगे यह भी कहा कि इनका मार्गदर्शन और इसने सबको मिलता रहे। आज इस अवसर पर हम यही कामना करते हैं कार्यक्रम अध्यक्ष इंजीनियर हरि सिंह ठाकुर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कटनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षको ने जो हमें शिक्षा दी है आज इस पद में पहुंचाने में उस शिक्षा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है शिक्षक वैसे भी कभी सेवानिवृत्त नहीं होता अंतिम समय तक उसका मार्गदर्शन समाज को मिलता है और वह समाज की महत्वपूर्ण धुरी भी होता है इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक विपिन तिवारी डॉक्टर पुष्पराज पटेल हरि सिंह ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक कंदेले राज्य शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष जे पी हल्दकार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह और पुष्पाहार और रोरी लगाकर मंच से सम्मानित किया। इस आयोजन में मिल्लू लाल चक्रवर्ती रामनाथ पटेल श्रीकांत राय कृष्ण कुमार पटेल विनोद यादव भगवानदास पटेल सुखी लाल यादव कृष्ण कुमार गुप्ता राजेंद्र वर्मा देवी सिंह ठाकुर गुलाब सिंह ठाकुर मुकेश विश्वकर्मा नंदू राय रमेश पटेल कृष्ण कुमार गुप्ता अजय सोनी श्रीमती चंदा सकवार घनश्याम खर्द सीएल तिवारी बदन सिंह ठाकुर पंचम सिंह ठाकुर संतोष पटेल रमा श्रीवास्तव अनु राय नंदराम सैनी संतोष भालेकर पति राम खरे बृजेश गुप्ता आनंद चौबे देवेंद्र जैन श्रीमती शालनी सकवार एस डी गुप्ता प्रदीप खर्द रमेश पटेल सहित अन्य जन उपस्थित थे।

# तालाब में उतराता मिला अपरिपक्व शिशु भ्रूण

## रीठी के उमरिया गांव में फैली सनसनी



**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम उमरिया में स्कूल के पास स्थित तालाब में आज सुबह एक अपरिपक्व शिशु भ्रूण उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी के मुताबिक भ्रूण लगभग 3-4 माह के अपरिपक्व शिशु का है। जिसका पीएम कराया जा रहा है। इसके अलावा मर्ग कायम कर भ्रूण को जन्म देकर उसे तालाब में फेंकने वाली मां के संबंध में पतासाजी की जा रही है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# अनजान बीमारी स्क्रब टायफस से लोगों में दहशत

## लक्षण दिखते ही फौरन डॉक्टर से करें संपर्क, बच्चों को रखें सुरक्षित

### थोड़ी सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

**कटनी।** कोरोना और डेंगू का कहर अभी बना ही हुआ था कि अब एक नई अनजान बीमारी स्क्रब टायफस ने जोर पकड़ लिया है। शहर में भी इस अजूबी बीमारी ने तेजी से पांव पसारना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस अनजान बीमारी को लेकर थोड़ी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। खास ये कि ये बीमारी बच्चों को ज्यादा हो रही है। शहर के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. समीर चौधरी का कहना है कि यह बीमारी भी शुरुआत में वायरल फीवर जैसी लगती है। ये बीमारी रिकेटसिया नाम के जीवाणु से फैलती है जो पिस्सुओं में पाया जाता है। ये पिस्सू जंगली चूहों से इंसानों तक पहुंचते हैं और



पिस्सू के काटने से जीवाणु शरीर में प्रवेश कर जाता है। डॉ. समीर चौधरी का कहना है कि लार्वा माइट्स के काटने के 10 दिनों में ही इस बीमारी के लक्षण नजर आने लगते हैं। शुरू-शुरू में ठंड के साथ बुखार आता है। फिर सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द होता है। बीमारी बढ़ने पर जिस स्थान पर लार्वा माइट्स ने काटा है वहां गहरा लाल रंग उभर आता है और उस पर पपड़ी जम जाती है। हालत बिगड़ने पर मरीज के कोमा तक में जाने का खतरा है। वैसे मलेरिया, इंसेफलाइटिस भी हो सकता है। कुछ मरीजों में कुछ ऑर्गन फेल होने और ब्लीडिंग भी होने लगती है। जिससे मरिज दम तोड़ सकता है।

### बीमारी के लक्षण

-शुरुआत में बुखार और शरीर पर चकत्ते पड़ते हैं।
-धीरे-धीरे शरीर के नर्वस सिस्टम, दिल, गुर्दे, श्वसन और पाचन प्रणाली प्रभावित होने लगती है।
-इस बुखार के पीड़ितों में निमोनिया, इंसेफलाइटिस, ऑर्गन फेल्योर, इंटर्नल ब्लीडिंग के साथ ही एक्यूट रेसपिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम का खतरा रहता है।
-एक वेक्टर बॉर्न बीमारी है।
-स्क्रब टायफस जुलाई से अक्टूबर तक असर दिखाता है।
-ये बीमारी एक से दूसरे इंसान में नहीं फैलती है।

बचाव के उपाय

-घर के आसपास घास या झाड़ियां न उगने दें।
-हमेशा साफ और फुल कपड़े पहनें।
-घर के आसपास जलजमाव न होने दें।
-खेतों में काम करते समय हाथ व पैरों को अच्छे से ढंक कर रखें।

### बीमारी का कोई टीका नहीं

इस बीमारी से बचाने के लिए अब तक कोई टीका नहीं बना है। पीड़ित को एंटीबायोटिक डॉक्सीसाइक्लिन दी जाती हैं। शुरुआत में ही डॉक्सीसाइक्लिन से इलाज कराने वाले मरीज आमतौर पर जल्दी ठीक हो जाते हैं। यदि बच्चों के साथ रहते हैं तो उनके हाथ-पैरों को ढंक कर रखें। छोटे बच्चों को मच्छरदानी में रखें। बच्चों के चेहरे पर मच्छरों को दूर भगाने वाले मलहम का इस्तेमाल कर सकते हैं। कोई भी कीड़ा अगर काट ले तो तुरंत साफ पानी से उस हिस्से को धोकर एंटीबायोटिक दवा लगा लें।

### बिना इलाज भी ठीक हो जाते हैं मरीज

यह बीमारी 20वीं सदी में पहली बार पाई गई थी। सामान्य तौर पर यह बीमारी ठंडे व पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। इस बीमारी के बैक्टीरिया का पता लगाने के लिए खून की जांच के साथ अन्य जांच करानी पड़ती हैं। सामान्य मामलों में बीमारी के लक्षण आमतौर पर बिना इलाज के ही दो हफ्तों में गायब हो जाते हैं।

# मिलते थे कम लंबाई के ताने



स्कूल में स्पोर्ट्स कप्तान और कॉलेज में क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स के माहिर खिलाड़ी होने के बावजूद चार फुट पांच इंच के कृष्णा नागर की कम लंबाई उनकी दुश्मन बन गई थी। कॉलेज में जब कृष्णा को लड़के-लड़कियां उनकी लंबाई को लेकर ताने मारने लगे तो उन्हें बुरा लगने लगा। उनके पिता सुनील नागर को इसका पता लगा तो उन्होंने कृष्णा से कहा तुम छोटे हो इसी लिए लोग तुम्हें छोटा बोल रहे हैं, इसमें दिल पर लेने वाली बात क्या है, लेकिन पिता दिमाग का बोझ हटाने केलिए उन्हें जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में बैडमिंटन खिलाने ले गए। पिता ने कृष्णा से कहा अच्छा खेलोगो तो लोग सराहना करेंगे। इसी को कृष्णा ने ताकत बना बैडमिंटन को अपना लिया।

## पिता ने थमाया रैकेट

## परिवार के लिए पिता महज साढ़े तीन घंटे सोए

~~कृष्णा खुलासा करते हैं कि~~ वह पहले आम इंसानों के साथ खेलते थे और उन्होंने जिला स्तर का टूर्नामेंट भी जीता। दिसंबर 2017 में उन्हें पैरा बैडमिंटन के बारे में पता लगा। 2018 में वह राष्ट्रीय चैंपियन भी बन गए। वैसे तो कृष्णा ने अपना स्वर्ण कोरोना वॉरियर्स को समर्पित किया है, लेकिन वह अपने पिता के लिए स्वर्ण जीतना चाहते थे। उनके पिता उन्हें खिलाड़ी बनाने के लिए 24 घंटे में महज साढ़े तीन घंटे सोए। वह सुबह चार बजे से पैसे कमाने के लिए लोगों को फिटनेस की ट्रेनिंग देते थे। पिता चाहते थे कि वह स्वर्ण जीतें। दरअसल जकार्ता एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में हारने का कृष्णा को बेहद दुख था। वह किसी भी कीमत पर यह सेमीफाइनल हारना नहीं चाहते थे। उन्होंने इस कड़वी याद को धो दिया है। यही वजह है कि अंतिम अंक पर उन्होंने शटल को मुड़कर भी नहीं देखा और सीधे कोच गौरव खन्ना की गोद में छलांग लगा दी।

## मैदान में गड्ढा खोद लगाते थे जंप

कृष्णा खिलाड़ियों के परिवार से हैं। उनके पिता जूडो, ताईक्वांडो, बेसबॉल, सॉफ्टबॉल के खिलाड़ी रहे हैं। उनके चाचा फुटबॉल और दोनों बुआ भी खिलाड़ी रहे हैं। पिता फिजिकल ट्रेनर हैं। यही कारण है कि उन्होंने बचपन से ही खेलों को अपना लिया। 10 साल की उम्र में उनके पिता घर के सामने मैदान में गड्ढा खुदवाकर उन्हें लंबी, त्रिकूद और ऊंची कूद करवाने लगे। कृष्णा को लंबी कूद में म हा र त हासिल है। यही कारण है कि बैडमिंटन कोर्ट पर उछलकर स्मैश मारना उन्हें अच्छा लगता है।





# पैरालंपिक खेलों में भारत की दिखी ताकत पांच स्वर्ण के साथ जीते रिकॉर्ड 19 मेडल

टोक्यो में आयोजित पैरालंपिक खेलों का समापन आज हो गया। भारत ने आखिरी दिन भी अपने खाते में एक स्वर्ण समेत दो पदक जोड़े। भारत के लिहाज से इस बार का पैरालंपिक कई मायनों में यादगार बन गया है। भारत ने इस बार ना सिर्फ अपने सर्वकालिक रिकॉर्ड को तोड़ा बल्कि पदकों की संख्या के मामले में भी ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। भारत को इस बार रिकॉर्ड पांच स्वर्ण पदक समेत कुल 19 मेडल मिले। भारत ने इससे पहले 1972 से अब तक सभी पैरालंपिक खेलों में कुल मिलाकर 12 पदक जीते थे। बात करें आखिरी दिन के भारत के प्रदर्शन की तो, आज उसे बैडमिंटन में दो पदक मिले। इसमें कृष्णा नागर ने स्वर्ण तो सुहास यथिराज ने रजत पदक अपने नाम किया। ऐस में आइए जानते हैं पदक तालिका में भारत किस स्थान पर रहा।

## पदक तालिका में भारत का स्थान

टोक्यो पैरालंपिक में भारत पदक तालिका में 24वें स्थान पर रहा जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस बार एथलेटिक्स में आठ, निशानेबाजी में पांच, बैडमिंटन में चार, टेबल टेनिस में एक और तीरंदाजी में एक पदक जीते। इसके साथ ही भारत के खाते में पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य आए।

**Medal Tally**

| | Country | Gold | Silver | Bronze | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | China | 96 | 60 | 51 | 207 |
| 2 | Great Britain | 41 | 38 | 45 | 124 |
| 3 | United States | 37 | 36 | 31 | 104 |
| 4 | RPC | 36 | 33 | 49 | 118 |
| 24 | India | 5 | 8 | 6 | 19 |

## शीर्ष पर रहा चीन

पदक तालिका में सर्वाधिक पदकों के साथ चीन 207 पदकों (96 गोल्ड, 60 सिल्वर और 51 ब्रॉन्ज) शीर्ष पर रहा। जबकि दूसरे व तीसरे नंबर पर क्रमशः ग्रेट ब्रिटेन (41 गोल्ड, 38 सिल्वर और 45 ब्रॉन्ज, कुल 124 पदक) और अमेरिका (37 गोल्ड, 36 सिल्वर और 31 ब्रॉन्ज, कुल 104 पदक) हैं।

# किम शर्मा ने लिएंडर पेस के साथ अपने रिलेशनशिप को किया कन्फर्म !



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस किम शर्मा और पूर्व टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के अफेयर की खबरें पिछले काफी दिनों से मीडिया में छाई हुई थी। दोनों गोवा में छुट्टियां बिता रहे थे जिसके बाद उनके रिलेशनशिप की चर्चाएं होने लगी। हालांकि डेटिंग की खबरों पर दोनों ने चुप्पी साध रखी थी। पर अब किम ने कुछ ऐसे किया है जिससे इस रिश्ते पर मुहर लग गई है। किम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक फोटो पोस्ट की है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये कपल अब अपने रिलेशनशिप को छुपाने के मूड में नहीं है। दरअसल, किम शर्मा ने लिएंडर पेस के साथ की रोमांटिक तस्वीर शेयर की है। दोनों तस्वीर में बेहद प्यारे लग रहे हैं। इस दौरान किम ने व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी हुई है, वहीं लिएंडर ब्लू कलर के कैजुअल आउटफिट में हैं।फोटो पोस्ट करते हुए किम ने तो कोई कैप्शन नहीं दिया पर उन्होंने जो इमोजी पोस्ट की उसने सारी कहानी बयां कर दी। किम ने अपनी और लिएंडर पेस की तस्वीर के साथ कपल किस वाला इमोजी शेयर किया। जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये किम की तरफ से कंफर्मेशन है। किम शर्मा के इस पोस्ट पर एक फैन काफी रिएक्शन दे रहे हैं। बीते जुलाई महीने में किम और लिएंडर को गोवा रोमांटिक अंदाज में पोज देते हुए देखा गया था। तस्वीरों के सामने आने के बाद उनके रिलेशनशिप की चर्चा होने लगी। बता दें कि इससे पहले किम शर्मा हर्षवर्धन राणे और युवराज सिंह को डेट कर चुकी हैं। वहीं लिएंडर पेस के अफेयर्स की लिस्ट भी बहुत लंबी है। महिमा चौधरी लेकर संजय दत्त की एक्स वाइफ रिया पिल्लई तक, लिएंडर का नाम काफी लड़कियों के साथ जुड़ चुका है।

**एक फैन ने लिखा- 'ब्यूटी और द चैम्प।' एक ने लिखा- 'कपल।' एक अन्य ने कहा- 'बधाई।'**



**करण जौहर के शो को बताया फेक**

# अक्षरा सिंह के शो से निकलते ही फूटा फैंस का गुस्सा



नई दिल्ली। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी अपने आखिरी दौरा से गुजर रहा है। यह शो जल्द बिग बॉस 15 में तब्दील होने वाला है। ऐसे में बिग बॉस ओटीटी के कई कंटेस्टेंट्स खुद को शो में बनाए रखने के लिए तरह की कोशिश कर रहे हैं। वहीं बिग बॉस ओटीटी में इस बार संडे का वार एपिसोड कई कंटेस्टेंट्स और दर्शकों के लिए हैरान कर देने वाला रहा है। संडे का वार एपिसोड को मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर होस्ट करते हैं। इस बार शो की चर्चित जोड़ी अक्षरा सिंह और मिलिंद गाबा बिग बॉस ओटीटी से बाहर हो गए हैं। इनके शो से बाहर होने पर अन्य कंटेस्टेंट्स और फैंस ने काफी हैरानी जताई है। अक्षरा सिंह और मिलिंद गाबा बिग बॉस के घर में एक-दूसरे के कनेक्शन्स थे। साथ ही शो की मजबूत जोड़ियों में से एक थे। अक्षरा सिंह और मिलिंद गाबा के बिग बॉस ओटीटी से बाहर होने पर शो के कई दर्शक और इन दिनों के फैंस काफी हैरान हैं। बहुत से सोशल मीडिया यूजर्स ने इन दोनों के शो के बाहर होने पर दुख जताया है। इतना ही नहीं कुछ लोगों ने बिग बॉस ओटीटी को फेक शो भी बताया है। नाम के यूजर ने अक्षरा सिंह और मिलिंद गाबा ने बिग बॉस से निकलने पर अपने ट्वीट में लिखा, %शर्म कर लो थोड़ा। डंके की चोट पर कहूंगा, अगर पक्षपात नहीं होती तो अक्षरा टॉप तीन में पहुंचने के लायक है। Suman Sharma | लिखते हैं, नो अक्षरा, नो बिग बॉस ओटीटी, फेक शो। करण जौहर को शर्म आनी चाहिए। शमिता और नेहा को ही विनर बना दो बस।' BHU student हैंडल ने लिखा है, सबसे ज्यादा पक्षपात करने वाला शो, अक्षरा के साथ बहुत अन्याय हुआ है। उसके बारे में भी बहुत बातें बोली गईं हैं, उन लोगों को क्यों नहीं कुछ बोला गया। सबसे ज्यादा पक्षपात वाला शो। बिग बॉस ओटीटी देखना बंद करो। इनके अलावा और भी कई सोशल मीडिया यूजर्स ने अक्षरा सिंह और मिलिंद गाबा के शो से निकलने पर गुस्सा जाहिर किया है। आपको बता दें कि बिग बॉस ओटीटी में अक्षरा सिंह अपनी बेबाक राय देने की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती थीं। कई मौकों पर उन्होंने अपना स्टैंड लेने की वजह से अन्य कंटेस्टेंट्स के साथ जमकर झगड़ा भी किया था। हालांकि उनके खेल और रणनीति की फैंस काफी तारीफ करते रहे हैं।

# अधारताल ,ग्वारीघाट में दो महिलाओं का कत्ल

## लार्डगंज-बेलखेड़ा में धांय-धांय ,चार घायल



ग्वारीघाट में मृतक महिला का शव नीचे के चित्र में जांच में जुटी पुलिस



अधारताल में मृतक महिला का शव जांच में जुटी पुलिस

**अपराधों से जबलपुर चिंतित**

***संस्कारधानी जबलपुर में सोमवार की सुबह अपराधों से भरी थी, शहर में दो हत्याएं और दो गोलीकांड से शहर दहल उठा। अधारताल में जहां एक महिला की हत्या सिर में हथौड़ा पटककर कर दी गई तो वहीं ग्वारीघाट के भीमनगर में 35 साल की तलाकशुदा महिला के सिर पर पत्थर पटकरकर और गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया गया। इधर बेलखेड़ा और लाडगंज के कछपुरा में पुराने विवाद को लेकर गोलियां चलीं जिसमें चार लोग घायल हो गए।***

## हथौड़ा मारकर उतारा मौत के घाट



जबलपुर, यशभारत। अधारताल थाने के कंचनपुर साईं मंदिर के पास पति-पत्नी के बीच बढ़े विवाद के चलते आरोपी पति ने बड़ी ही निर्ममता के साथ पत्नी की हथोड़ा मारकर नृशंस हत्या कर दी। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है। वारदात के दौरान मची चीख पुकार के चलते आज सुबह जब लोगों ने महिला के घर के अंदर जाकर देखा तो पीड़िता का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था और मौके से पति फरार था। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। वहीं, इस हत्याकांड के बाद रहवासी दहल गए है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि निशा शर्मा उम्र 46 वर्ष साई मंदिर कंचनपुर में अपने पति राजेश शर्मा के साथ निवास करती है। देर रात से दोनों का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आज दोनों में विवाद के बाद अचानक पति मौके से फरार हो गया। लोगों ने जब घर के अंदर जाकर देखा तो उनके रौंगटे खड़े हो गए।

### केंटीन चलाता है पति

पुलिस ने बताया कि राजेश शर्मा केंटीन चलाता था। बताया जा रहा है कि मौके से फरार पति ने ही विवाद के बाद पत्नी की हत्या की है और मौके से फरार हो गया। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद था, पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## तलाकशुदा महिला पर पत्थर पटका गला रेता

### पड़ोसी के घर में मिला शव



जबलपुर, यशभारत। ग्वारीघाट के भीम नगर में आज सुबह उस समय सनसनी मच गई जब पड़ोसी के घर में 30 साल की महिला की लाश बरामद हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो महिला के सिर में पत्थर पटकने के बाद गला रेत कर हत्या करना पाया गया।

ग्वारीघाट पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि भीम नगर पोलीपाथर में एक महिला की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई है। मौके पर जाकर देखा तो मृतक महिला पप्पू गढ़ेवाल के मकान में मृत अवस्था पड़ी थी। मृतक महिला की पहचान भीम नगर में रहने वाली शालिनी जैन के रूप में की गई।

### तीन साल पहले हुआ विवाह, फि र तलाक

मृतिका शालिनी जैन का विवाह तीन साल पूर्व गढ़ा निवासी संजय जैन के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद होते रहे इसके कुछ साल बाद दोनों ने तलाक ले लिया। मृतिका अपनी नानी के साथ ग्वारीघाट भीम नगर में रह रही थी।

### पड़ोसी फ रार,पुलिस जांच में जुटी

ग्वारीघाट पुलिस के अनुसार मृतिका शालिनी जैन का शव पड़ोस में रहने वाले पप्पू गढ़ेवाल के मकान में मिला है और कल रात से ही पप्पू गढ़ेवाल घर से फरार है। पुलिस इस जांच में जुटी है कि महिला रात में पप्पू के यहां कैसे पहुंची। इस संबंध में पुलिस मृतिका की नानी और क्षेत्रीय लोगों से पूछताछ कर रही है।

## बेलखेड़ा में गोलीबारी से अफरा-तफरी, घायलों को कराया भर्ती



जबलपुर, यश भारत। बेलखेड़ा के गुदरई ग्राम में आज सुबह उस समय भारी अफ रातफ री का माहौल बन गया जब ग्राम वासियों ने धायं-धायं की आवाजें सुनी। लाइसेंसी बंदूक से निकली गोलियों से तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए पहले शहपुरा अस्पताल भेजा गया। जहा पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को गंभीर देखते हुए जबलपुर मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया, वहीं वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। आज सुबह बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुंदरई ग्राम में हुई इस घटना के संबंध में थाना प्रभारी विजय अंभोरे ने जानकारी देते हुए बताया कि गुंदरई ग्राम में सुबह गोली चलने की खबर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष से जानकारी लेने के बाद पता चला कि ग्राम का ही रहने वाला 40 वर्षीय चंद्रभान सिंह लोधी पिता मुन्ना लोधी का किसी बात को लेकर ग्राम के ही रहने वाले राजपाल लोधी सल्लू लोधी एवं लोकेश लोधी का विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार खेत की जुताई में काम आने वाली रोटरी कोई ले गया था जिसमें शक के आधार पर वह इन तीनों से गाली-गलौज करते बोला कि इनने रोटरी कहीं भेज दी है इसी बात को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जिसमें चंद्रभान सिंह अपने घर से लाइसेंसी बंदूक लेकर आया और उसने तीनों के ऊपर फ ायर कर दिया । इस घटना में राजपाल सल्लू एवं लोकेश के पैरों में बंदूक से निकली गोली के छर्रे से गंभीर रूप से चोट आने के कारण इन्हें उपचार के लिए पहले शहपुरा अस्पताल लाया गया जहां से इन तीनों को मेडिकल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास करने में लगी हुई है।

## कछपुरा में पुराने विवाद पर गोली चली

**जबलपुर।** लार्डगंज के कछपुरा चमरोटी मोहल्ला में रविवार की देररात उस वक्त हड़कंप मच गया जब बाइक सवार युवकों ने पुराने विवाद पर तीन युवकों पर गोली बरसाना शुरू कर दिया। घटना में एक युवक को बांये हाथ में गोली धंस गई। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि विक्की पटेल पिता मदन गोपाल पटेल 24 वर्ष निवासी जय नगर यादव कालोनी अपने दोस्त यश तिवारी एवं आयुष सेन के साथ कछपुरा सोसायटी के पास रहने वाले लकी पटेल के यहां उससे मिलने गया था , लकी पटेल से मिलकर यश एवं आयुष के साथ यश की मोटर सायकिल से वापस घर की ओर आ रहे थे जैसे ही कछपुरा पुल के आगे और रेलवे फाटक के बीच मे चमरोटी मोहल्ले में जाने वाली गली के पास पहुंचे तभी सामने से एक मोटर सायकिल में हर्ष यादव और अंशुल केवट आये और हम लोगों को रोक लिया । यशतिवारी और हर्ष यादव का पुराना विवाद होने से हर्ष यादव के द्वारा यश तिवारी के साथ लड़ाई झगडा गाली गलोच कर मारपीट करने को उतारू होने लगा और अपनी कमर से पिस्टल निकाल लिया। मैने बीच बचाव करते हुये हर्ष को गोली मत चलाना बोलकर यश और हर्ष के बीच में आ गया जिससे हर्ष दारा हाथ में ली हुई पिस्टल से गोली चल गई जो गोली मेरे बाये हाथ की भुजा में लगी।

## तीसरी लहर की आहट,बेफ्रिक शहर चिंतित

रविवार को मिले कोराना के 9 मरीज,

जबलपुर । डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। रांझी, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में हालत खराब है। वायरल बुखार के कारण हर घर में लोग बीमार है। इसी बीच कोरोना के मरीजों का बढ़ता ग्राफ तीसरी लहर की आहट दे रहा है। ऐसे में सतर्कता,सोशल डिस्टेसिंग मॉस्क और सेनेटाइजिंग से ही बचाव हैं। अभी तक लोग बेफ्रिक थे पर अब उनके माथे पर चिंता की लहर देखी जा सकती है। इसके अलावा जिसने भी जिंदगी का टीका नहीं लगवाया उसे समय रहते टीकाकरण करवाना चाहिए।

### बढ़ रही मरीजों की संख्या

करीब दो माह बाद रविवार को 9 नए मरीज और मिले।3 सितंबर को कोरोना के 7 नए मामले सामने आए थे। इसके अगले दिन 6 और सितंबर के शुरुआती 5 दिन में ही 27 नए मरीज मिले हैं। एक्टिव केस बढ़कर 34 हो गए हैं, जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है।ऐसे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन के बाद भी संक्रमित मिले सभी मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जा रही है। राहत की बात ये है कि कोई भी मरीज गंभीर स्थिति में नहीं है। कोविड के बढ़ते मामलों के बीच विभाग ने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग बढ़ा दी है। अब हर एक्टिव मरीज के संपर्क में आने वाले 50-50 लोगों के सैम्पल जाँच के लिए जा रहे हैं।

### एडीज मच्छर का कहर

एडीज मच्छर चारों तरफ लोगों को डंक मार रहा है। जिसके कारण सरकारी व निजी अस्पताल में फुल चल रहे हैं। डेंगू के मरीजों के लिए वरदान कही जाने वाली एसडीपी किट यानी सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की किल्लत जिला विक्टोरिया अस्पताल सहित सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में देखने को मिल रही है। रविवार को सरकारी रिकॉर्ड में 10 नए डेंगू के मरीज मिले हैं। जिन्हें मिलाकर आँकड़ा 271 पर पहुँच गया है, जबकि वास्विकता में सैकड़ों मरीज निजी अस्पतालों में उपचार करा रहे हैं। वहीं जमीनी ने शिरकत क्षेत्रों में 900 से अधिक मरीज हैं, सरकारी पैक होना और डिस्पेंसरियों और क्लिनिकों में डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की कतार लगी हुई है।

### एसडीपी ही एक मात्र विकल्प

प्लेटलेट्स के लिए मरीज के परिजन भटक रहे हैं। एसडीपी के लिए ब्लड बैंकों में लंबी कतारें हैं, जबकि प्लेटलेट्स पीआरपी के जरिए भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि परिजन इस भ्रम में न रहें कि प्लेटलेट्स के लिए सिर्फ एसडीपी ही एक मात्र विकल्प है। विक्टोरिया अस्पताल में ही डेंगू के 100 से अधिक मरीज भर्ती हैं। डेंगू के एक मरीज को कम से कम दो किट की आवश्यकता होती है लेकिन ब्लड बैंक को अधिकतर 100 किट ही मिल रही हैं। वहीं जिले की बात करें तो करीब 500 एसडीपी किट की आवश्यकता है लेकिन महज 50 फीसदी किट उपलब्ध हो रही है।

मैट्रो अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ शैलेन्द्र सिंह राजपूत लोगों को सतर्क रहना होगा, बुखार,सर्दी,जुकाम,सिरदर्द होने पर तुरंत ही चिकित्सक से परामर्श ले। वर्तमान समय में सावधानी ही बेहतर उपाय है। लोगों को उन्होने सलाह दी कि वह मास्क का उपयोग करें साथ ही भीड़ में जाने से बचे और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## आज और कल न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगे वकील

**अधिवक्ता पर हुए हमले से न्यायालय में रोष,कड़ी कार्रवाई की मांग**

**जबलपुर,यशभारत।** बरेला थानाक्षेत्र स्थित पसरीचा बेन्के ट लांउज एंड रेस्टारेंट में गत दिवस एक पार्टी के दौरान डीजे बजाने की बात को लेकर विवाद के बाद अधिवक्ता अक्षित सहगल पर बेसबॉल के बैट से हुए जानलेवा हमलें के बाद न्यायालय में काफी रोष देखा गया। जिसको लेकर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन,जिला बार एसोसिएशन और सीनियर बार एसोसिएशन ने मामले को लेकर एक बैठक की जिसमें आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कहते हुए न्यायालयीन कार्य से विरत रहने पर सहमति बनी। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर नायक ने बताया कि अधिवक्ता आज दोपहर और कल न्यायालयीन कार्य से विरत रहेंगें। इसके साथ ही यह तय हुआ कि बर्फानी सिक्योरिटी एजेंसी का लायसेंस निरस्त किया जाये और सभी आरोपियों को जल्द हिरासत में लिया जाये। अधिवक्ता समूह ने इस मामले को लेकर चीफ जस्टिस माननीय मोहम्मद रफीक से भी चर्चा की जिसके बाद चीफ जस्टिस ने प्रदेश के डीजी से बात कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया है।






## ये हैं अग्नि रक्षक, इन पर भी दो ध्यान

### जान जोखिम में डालकर बचाते हैं शहर की जान






**जबलपुर, । शहर का अग्रिशमन दल अपनी जान को जोखिम में डालकर शहर के नागरिकों की जान और माल की रक्षा करता है। गत दिवस मदनमहल के टालों और गोदाम में लगी आग पर काबू पाने दमकल कर्मियों ने अपनी जान की बाजी लगा दी। यह किसी देवदूत से कम नहीं। कम संसाधान और कर्मियों के बावजूद किसी भी अग्रिकांड को नियंत्रित करने का जिम्मा इनका है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए मदनमहल अग्रिकांड को समय रहते नियंत्रित कर, हजारों रहवासियों की जान बचाने वाले फायर मैन और वाहन चालकों को इस दौरान अनेक कठिनाईयों का सामना भी करना पड़ा, लेकिन कड़ी ट्रेनिंग और सूझबूझ के चलते बगैर रास्ता हुए भी वाहन पहुंचाकर आग पर काबू पाया गया।**

गौरतलब है कि महानद्दा क्षेत्र स्थित साहू कॉलोनी में जयेश पटेल का लकड़ी के टाल के साथ ही साथ एक साथ कई टाल और भी लगे हुए थे। शनिवार की रात तकरीबन साढ़े 11 बजे टाल में अचानक आग भड़क गई। स्थानीय लोगों ने आग को काबू करने के साथ ही नगर निगम के दमकल विभाग को सूचना दी। आग बढ़ते देख नगर निगम की सातों दमकलों को मौके पर भेजा गया। वहीं, सुबह आठ बजे तक करीब 80 से 100 चक्कर दमकलों ने लगा लिए थे। बताया गया कि मौके पर एक साथ चार से ज्यादा टाल थे। दोनों में आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। स्थानीय लोग भी घरों को छोड़कर बाहर आ गए। पूरे क्षेत्र में देर रात तक दहशत का माहौल रहा। वहीं अनेक घरों को खाली कराया गया था, ताकि आग लगने के बाद किसी प्रकार से जनहानि ना हो सके। नगर निगम के अनुसार महानद्दा तालाब के ठीक पीछे एक साथ कई टाल बने हुए हैं। आग ने अचानक से भीषण रूप रख लिया। आशंका को देखते हुए नजदीक के तीन घरों को खाली कराया गया। जिसके बाद रविवार सुबह करीब 8 बजे तक दमकल वाहन आग बुझाते रहे।

### रास्ता खुलवाने लगाई गई थी जेसीबी

राजेन्द्र पटैल सहायक अधीक्षक अग्रिशमन दल ने जानकारी देते हुए बताया कि टाल के समीप ही सैनिटाइजर और दवाओं का गोदाम है। इस कारण आग को काबू करने में ज्यादा मशक्कत करना पड़ी। वहीं, जहां आग लगी थी वहां अग्रिशमन दल के वाहनों का पहुंचपाना लगभग असंभव था, जिस कारण तुरंत जेसीबी लगाकर रास्ते के आसपास बने मकानों को आशिक तोड़कर रास्ता बनाया गया, तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

### इन्होंने सम्हाली थी कमान

अमले ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रिकांड के सूचना के बाद तत्काल 7 वाहनों को मौके पर अमले के साथ भेजा गया था वहीं 3 वाटर टैंक लगाए गए थे। वाहन चालकों में संजय यादव, तरुण कनौजिया, मसूर आलम, सद्दाम हुसैन, अशोक तिवारी, दशरथ यादव, अजीत सोंधिया ने वाहनों की कमान सम्हाली। राजेन्द्र पटैल ने बताया कि फायर बिग्रेड को वाटर रिफिल करने के लिए फिलहाल अमले के पास केवल एक ही डेमलारी है। जिसकी क्षमता 12 हजार लीटर है, लेकिन एक के भरोसे अग्रिकांडों को नियंत्रित कर पाना मुश्किल होता है। अग्रिशमन दल को अभी तकरीबन 4 डेमलारी की आवश्यकता है। इसका प्रमुख कार्य होता है वाटर रिफिल करना। अब एक डेमलारी जब तक एक वाहन में रिफिल करती है, तब तक दूसरा वाहन खड़ा रहता है। जिससे अग्रिकांड को नियंत्रित करने में करीब करीब दोगुना समय लगता है। जिससे जनहानि होने की भी संभावना रहती है।

### ये थे अग्रिशमन दल के जाबांज

फायर मैन राजेश जैन ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार तुरंत फायर मैनों को अलर्ट किया गया। जिसके बाद ड्यूटी में तैनात फायर मैन आकाश श्रीवास्तव, महेश मलिक, ओमप्रकाश दुबे, शिवप्रसाद लोधी, सुल्तान खान, दिलीप यादव, दीपू रंजन, ओमप्रकाश यादव को वाहनों सहित मौके पर भेजा गया तो वहीं हांका गैंग सहित 40 लोगों को इस काम में लगाया गया था।

### भोपाल और जबलपुर के अधारताल में है ट्रेनिंग सेंटर

राजेन्द्र पटैल सहायक अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे पास फिलहाल लगभग 75-80 कर्मचारी है, उसमें ठेके और दैनिक वेतनभोगी के अलावा कुछ रेगुलर कर्मी है। जो 6 महिने की ट्रेनिंग के बाद अमले मे शामिल किए जाते है। फिलहाल व्यापम के माध्यम से रेगुलर कर्मी शामिल होते है, जिनकी समय -समय पर शासन वेकेंसी निकालता है। फायर मैन को ट्रेनिंग के लिए जबलपुर के अधारताल में ट्रेनिंग सेंटर है तो वहीं भोपाल बस स्टॉप नंबर 6 के पास सेंटर है। जिनसे ट्रेनिंग लिए हुए फायर मैन भर्ती किए जाते है।

### 12 साल से हैं कर्मियों का टोटा

विभाग ने बताया कि फिलहाल 10-12 साल से विभाग में कर्मचारियों का टोटा है। विभाग मे इस समय करीब 30 फायर मैन और 15 वाहन चालक रेगुलर की कमी है। जिसकी जानकारी ननि के स्थापना शाखा को है। इतना ही नहीं शासन को अनेकों बार इस बात से भी अगवत कराया जा चुका है।

### ऐंसे बनते है फायर मैन

राजेश जैन फायर मैन ने इस मौके पर यशभारत को बताया कि 6 महिने की कड़ी ट्रेनिंग और कोर्स के बाद फायर मैन का जिम्मा मिलता है। अपनी जान को जोखिम में डालने का हौसला और सूझबूझ के बाद किसी भी अग्रिकांड को नियंत्रित करना, अहम है। जिसमें बिना जान और माल की हानि हुए धधंकती आग को काबू में करना टेड़ी खीर होती है।













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )